
अक्षय तृतीया एवं भगवान
परशुराम
जन्मोत्सव
की ढेरों शुभकामनाएँ।

दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज़
RNI : RAJHIN13216/2005
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय




वर्ष: 17 अंक: 269 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 22 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com


होगी राजनैतिक हलचल...

# सचिन पायलट के नई राजनीतिक पार्टी बनाने की अटकलें तेज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विगत लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से नाराज चल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री, राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम गोरखपुर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सचिन पायलट के नई राजनीतिक पार्टी बनाने की गरमा गरम खबर से प्रदेश की राजनीति में जल्दी ही एक नए अध्याय की शुरूआत होने की बात राजनीतिक हलकों में कहीं जा रही है। सोशल मीडिया में भी पायलट के नए राजनीतिक दल बनाने के चर्चे जोरों से हो रहे हैं ' इस खबर में कितनी सच्चाई है यह कहना तो अभी जल्दी बाजी होगा लेकिन जिस तरह से सचिन पायलट का विगत कुछ महीनों में कांग्रेस हाईकमान से मोहभंग हुआ है उसे देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक भी यह मान रहे हैं कि हो सकता है पायलट खुद की दल का गठन कर ले क्योंकि पायलट वर्तमान में ना तो प्रदेश कांग्रेस की ओर से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं और ना ही वे प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की ओर से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किए गए विधायकों के फीडबैक कार्यक्रम में उपस्थित हुए उससे कहीं ना कहीं यह साफ झलक रहा है कि पायलट अब बहुत जल्दी ही खुद की नई राह तलाश ली है।





## पायलट को यकीन हो गया कि कांग्रेस हाईकमान अशोक गहलोत के आगे नतमस्तक हो गया है

जानकारों का कहना है कि सचिन पायलट को अब यह पूरा यकीन हो गया है कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आगे बिल्कुल असहाय हो गए हैं। पायलट यह भी जान गए हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में अशोक गहलोत को ही कांग्रेस हाईकमान की ओर से सीएम के चेहरे के रूप में प्रस्तुत करेगा इसलिए पायलट अब राजस्थान में गहलोत के खिलाफ आर-पार लड़ाई छेड़ने की प्लानिंग तैयार कर रहे हैं जिसमें उनके समर्थक विधायकों ने भी पायलट के समर्थन में हामी भरी है। समर्थकों का यही कहना है कि पायलट जो भी कदम उठाएंगे वह उनके साथ रहेंगे।

- प्रदेश की राजनीति की जानकारी रखने वाले कुछ लोग पायलट के साथ 35 से 40 विधायक होने का दावा कर रहे हैं तो कुछ लोग 18 से 20 विधायक होने का दावा कर रहे हैं हालांकि 35 से 40 विधायकों के पायलट के साथ होने की खबर पर संदेह जरूर लिखता है लेकिन जहां तक 18 से 20 विधायकों के पायलट के साथ होने की बात कही जा रही है इस खबर पर जरुर यकीन किया जा सकता है।

## सबसे बड़ा सवाल : क्या, जल्द होगा ऐलान कि अब नई पटरी पर पायलट?



## पायलट की कार्यशैली और व्यवहार तथा रंधावा के पायलट को ले कर दिए बयानों से नई पार्टी बनाने की खबर को मिल रहा है बल

जानकारों का कहना है कि विगत कुछ महीनों से एक तरफ जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के विरोध में प्रदेश भर में जगह-जगह सभाओं का आयोजन कर केंद्र की मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया लेकिन इन सभाओं में सचिन पायलट ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करवाई इसके अलावा हाल ही में जब सचिन पायलट ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के घोटालों की जांच की मांग को लेकर जयपुर के शहीद स्मारक पर जब अनशन किया तो उस समय भी सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़के के फोटो अनशन स्थल पर बैनर में नहीं दिखे बैनर में सिर्फ महात्मा गांधी का ही फोटो था, उस समय भी मीडिया कर्मियों में और राजनीतिक विश्लेषकों में यही चर्चा हुई कि कहीं ना कहीं सचिन पायलट अब राहुल गांधी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी से भी दूरियां बना रहे हैं और राजनीति में अपने दम पर ही अपना भविष्य तलाश रहे हैं इसके अलावा पायलट के इस अनशन के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी पायलट के खिलाफ अनुशासनहीनता का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की बात कही थी लु इसके अलावा भी आनंद शर्मा जयराम रमेश जैसे कई नेताओं ने पायलट के इस अनशन कार्यक्रम को गलत बताया था इन तमाम कारणों की वजह से साफ झलकता है कि सचिन पायलट विगत कुछ महीनों से राजनीति में खुद के लिए कोई नया रास्ता तैयार कर रहे हैं।














## पायलट अलग दल बनाते हैं तो प्रदेश में होगा कांग्रेस को नुकसान

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अगर पायलट अलग से राजनीतिक दल बनाते हैं तो निश्चित रूप से राजस्थान कांग्रे स्कोर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जोरदार नुकसान होगा भले ही अशोक गहलोत अपनी सरकार की विकास कामों के दम पर पब्लिक से अपना जुड़ाव होने की बात कह रहे हो लेकिन पायलट जनाधार वाले नेता माने जाते हैं क्योंकि पायलट करीब 7 साल तक राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं और हर जाति और बिरादरी के लोगों में लोकप्रिय होने के अलावा प्रदेश कांग्रेस की युवा ब्रिगेड में भी काफी अच्छी इमेज बनाए हुए हैं इसलिए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जबरदस्त नुकसान हो सकता है।

## पायलट चाहते हैं कि हाईकमान पहले खुद उनके खिलाफ कार्रवाई करें

जानकारों का कहना है कि सचिन पायलट यह चाहते हैं कि कांग्रेस हाईकमान पहले खुद आगे बढ़कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें और उन्हें पार्टी से अलग करें कि उन्हें लोगों से सहानुभूति मिल सके दूसरी तरफ कांग्रेस हाईकमान यह चाहता है कि सचिन पायलट खुद आगे होकर कांग्रेस पार्टी को छोड़ने का ऐलान करें इसी पशोपेश में यह पूरा खेल अटका हुआ है ' चर्चा यही है कि क्या अब पायलट खुद आगे बढ़कर कांग्रेस को छोड़ेंगे या फिर कांग्रेस हाईकमान अनुशासनहीनता का आरोप लगाकर पायलट को कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाएगा।

सितारा न्यूज नेटवर्क
पालिटिक्स
बिग स्टोरी
गरीबों का सितारा
सितारा न्यूज नेटवर्क



## कांग्रेस हाईकमान भी पायलट को लेकर नहीं है गंभीर

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया लेकिन सचिन पायलट को स्टार प्रचारक बनाकर कर्नाटक नहीं भेजा जा रहा जबकि इससे पहले हिंदुस्तान में जहां-जहां विधानसभा चुनाव हुए उनमें सचिन पायलट को स्टार प्रचारक बनाकर भेजा गया लेकिन कर्नाटक के विधानसभा चुनावों से सचिन पायलट को दूर रखा जा रहा है जिससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस हाईकमान भी अब सचिन पायलट को लेकर ज्यादा गंभीर नहीं है जिसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान हो अब राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने पायलट के बारे में फीडबैक देकर यह बताया है कि पायलट अब कांग्रेस के नहीं रह गए हैं।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

अपना शहर गरीबों का सितारा

जयपुर शनिवार, 22 अप्रैल, 2023



| पूर्वानुमान> | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| 32° अधिकतम> | 41°c | 41°c | 37°c | 34°c |
| न्यूनतम> | 26°c | 26°c | 23°c | 20°c |

# केन्द्र की मोदी सरकार उद्योगपति मित्रों के हाथों की कठपुतली : जितेन्द्र सिंह

## कांग्रेस कार्यकर्ता की नेक कमाई से बन रहा कॉंग्रेस कार्यालय भवन-टीकाराम जूली

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा /अलवर।** पूर्व केन्दीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार देश के उद्योगपति मित्रों के हाथो की कठपुतली है। उन्होने कहा कि वर्तमान में सरकार देश नहीं चला रही बल्कि अपने पूजीपति मित्रों के घर आबाद करने में लगी हुई है। सिंह शुक्रवार को अम्बेडकर नगर स्थित कॉंग्रेस कार्यालय के निमार्णाधीन भवन में बजट-बचत-राहत कार्यशाला के दौरान उपस्थित कॉंग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोंधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि बजट-बचत-राहत इन तीन शब्दों ने भाजपा नेताओं की नींद उडा रखी है। उन्होने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राजस्थान प्रदेष में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं बजट-बचत एवं राहत की थीम से कॉंग्रेस पार्टी एक बार फिर स्पष्ट बहुमत से विजय हासिल करेगी। उन्होने कहा कि आगामी 24 अप्रेल से राज्य भर मे आयोजित होने वाले महंगाई राहत षिविर के माध्यम से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभांवित करने मे प्राथमिकता दी जायेगी। महगांई राहत शिविर में राज्य सरकार की 10 प्रमुख योजनाओं का रजिस्ट्रेशन होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जुली ने कहा कि एनडीए सरकार




को राजस्थान प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीखकर पूरे देश मे इन योजनाओं को मॉडल के रूप में लागू किया जाना चाहिए ताकि प्रदेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोडा जा सके। उन्होने कहा कि अलवर जिले में कॉंग्रेस पार्टी



के अपने भवन का सपना प्रत्येक कार्यकर्ता ने देखा था वह अब साकार हो रहा है। उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपनी नेक कमाई से संगठन को मजबूत एवं भवन निर्माण में सहयोग दिया है। उन्होने भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकताओं को यह भी नहीं पता कि उनका भवन कैसे तैयार हुआ। अलवर जिले में बना भाजपा कार्यालय दिल्ली से मॉनिटरिंग हुआ है। बचत-बढत और राहत कार्यशाला में आगामी 24 अप्रेल से शुरू होने वाले महंगाई राहत शिविर के बारे में चर्चा की गई। उन्होने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि समाज की मुख्य धारा से पिछडे लोगो को इस षिविर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवा कर उन्हे संबल देने का कार्य करें। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान, पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, पीसीसी सदस्य ललित यादव, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, विधायक दीपचन्द खैरिया, जौहरीलाल मीणा, बाबूलाल बैरवा, कांती मीणा, साफिया खान, संदीप यादव, प्रधान बस्तीराम यादव, डॉ. विनोद कुमारी सांगवान, नसरू खान, एम.एल. मीणा, जाकिर खान, दौलत जाटव, जयराम, वीरबती, बी.पी. सुमन, चौथमल सैनी, कृष्ण मुरारी गंगावत, कमलेष सैनी, सुरेन्द्र माथुर , राजेन्द्र गंडूरा, कविता यादव, अजीत यादव, सुमन यादव, शीला मीणा, अनिल जैन, रोहिताश चौधरी, दीनबंधु शर्मा, डी.सी. मीणा, योगेश मीणा सहित कॉंग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहें।

## पंचाग

दिनांक:-22अप्रैल 2023 शनिवार
विक्रम संवत2080वैशाख शुक्ल पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 07:48:42 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | कृत्तिका | 23:23:04 | |
| योग | आयुष्मान | 09:23:49 | |
| करण | कौलव | 07:48:42 | |
| करण | तैतुल | 19:42:56 | |
| चन्द्र राशि | वृषभ | | |
| सूर्य राशि | मेष | | |
| दिशा शूल | पूर्व | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:57:58 | |
| सूर्यास्त | 18:53:14 | | |
| चंद्रोदय | 07:12:40 | | |
| चंद्रास्त | 21:17:25 | | |
| राहू काल | 09:12-10:49 | | |
| अभिजित | 12:00-12:52 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| शुभ | 07:35-09:12 | | शुभ |
| चर | 12:26-14:03 | | शुभ |
| लाभ | 14:03-15:39 | | शुभ |
| अमृत | 15:39-17:16 | | शुभ |



विशेष जानकारी:-
अक्षय तृतीया:-आज
भगवान परशुराम जयंती:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयार रहें : भाजपा जिलाध्यक्ष तेली



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव ।** स्थानीय 29 मिल चौराहे स्थित देव पैलेस में भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनराज गुर्जर, जिला महामंत्री बाबूलाल टांक व महिला मोर्चा अध्यक्षा मंजू पालीवाल, जिला प्रमुख बरजी देवी भील सहित कई जिला स्तर के पदाधिकारी के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी को आगामी चुनाव में एकजुट होकर तैयार रहने व पार्टी हीत में कार्य करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा का जन्मदिन भी मनाया गया। सभी ने अभिनंदन कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी एंव दीघार्यु की कामनाएं की !इस दौरान सभी मंडलों, मोर्चा के अध्यक्ष व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि,महिला पदाधिकारी सहित मौजूद थे ! इसी प्रकार मंशा पूर्ण श्री बालाजी मंदिर मंडल व महिला मंडल द्वारा भी केक काटकर मंडल अध्यक्ष शर्मा का जन्मदिन मनाया गया।

## नये कांग्रेस कार्यालय मे पूर्व केंद्रीय मंत्री भवर जितेन्द्र सिंह के सानिध्य मे रखी गई प्रथम मिटिंग

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा व मंत्री टीकाराम जूली और जिला प्रमुख अलवर भी रहे मौजूद

### रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर भी शामिल हुए मिटिंग मे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर कांग्रेस के नये कार्यालय मे शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री भवर जितेंद्र सिंह के नेतृत्व मे प्रथम मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली और कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा व जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर सहित राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के चर्चित चेहरा रैणी प्रधान प्रतिनिधि मागे लाल मीना





जी रिटायर्ड चीफ इन्जीनियर पीडब्लूडी व अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भाग लिया |इस नवीन अलवर कार्यालय मे भवर जितेन्द्र के द्वारा प्रथम मिटिंग रखी गई थी जिसमे संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।इस नये कार्यालय भवन निर्माण मे रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मागेलाल मीना के द्वारा 2 लाख 11 हजार रु. का सहयोग भी किया है इस दौरान मीना को भवर जितेन्द्र सिंह के द्वारा माला पहनाकर मान सम्मान दिया |इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा , मंत्री टीका राम जुली , जिला प्रमुख सहित अनेक गणमान्य कांग्रेस कार्यकर्ता मोजुद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

## जवाजा ब्लॉक स्तरीय प्रवेशोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जवाजा ब्लाक स्तरीय प्रवेशोत्सव प्रशिक्षण का कार्यक्रम एजुकेट गर्ल्स के सहयोग से राजकीय जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य श्रीमति नीतू विजय (शहरी संकुल शिक्षा प्रभारी) और गुरुकूल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर के मार्गदर्शन में जवाजा ब्लॉक 49 प्रधानाचार्यो ने प्रवेशोत्सव प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण में ड्रॉप आउट एवं अनामांकित छात्रों का पता लगाकर ऑनलाइन किस प्रकार से स्कूल से जोडना है इस विषय पर चर्चा की गयी। प्रशिक्षण में प्रधानाचार्य मोहम्मद हनीफ ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में एजुकेट गर्ल्स (एनजीओ) की तरफ से प्रशिक्षण को डिजिटल रूप दिया गया।

## शर्मा का किया सार्वजनिक अभिनंदन 51 किलो की माला पहना किया स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**भीलवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के राजगढ़ अलवर में आयोजित महासमिति अधिवेशन में आयोजित प्रांतीय कार्यकारिणी चुनाव में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित नीरज शर्मा का भीलवाड़ा पहुंचने पर राजस्थान शिक्षक संघ(प्रगतिशील) जिला शाखा भीलवाड़ा एवं अन्य कर्मचारी संगठनों ने नागरिक अभिनंदन किया। गायत्री आश्रम के निकट गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने 51 किलो की माला पहनाकर एवं साफा बंधवा कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने विगत वर्षों में नीरज शर्मा द्वारा शिक्षको एवम कर्मचारियों के हितों के लिए किए गए संघर्षों के लिए उनके योगदान की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरज शर्मा ने शिक्षक हित में सदैव तत्पर रहकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु भरसक प्रयत्न करने का वादा



किया एवं उपस्थित सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम में राजस्थान शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक जी नगर जिला मंत्री नलिन शर्मा ललित जोशी सतीश शर्मा सुनील व्यास अंग वीर पानगडिया कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शिव सिंह चौहान, शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील खोईवाल, अशोक त्रिवेदी, भगवत सिंह, रामपुरी, राम नानकानी, अविनाश शर्मा, हरिसिंह, विनोद पारीक, लाजवंती शर्मा, सीमा जीनगर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नलिन शर्मा ने किया जिलाध्यक्ष अशोक जीनगर ने आभार व्यक्त किया।

## अधिकारियो ने रैणी तहसील मुख्यालय पर अपनी मांगो को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी तहसील मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने शुक्रवार को किया धरना प्रदर्शन। तहसील मुख्यालय रैणी पर राजस्व कर्मचारियों ने अपनी मांगे पूरी नहीं होने के कारण राजस्व सेवा परिषद के बैनर तले रैणी तहसील मुख्यालय पर लगातार दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया। रैणी पटवार संघ अध्यक्ष नेमीचंद मीणा ने मिडिया को बताया कि राजस्थान राजस्व परिषद के आह्वान उपशाखा रैणी के तीनों घटक संगठनो ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया तथा यह धरना-प्रदर्शन मांगे पूरी नहीं होने तक लगातार जारी रहेगा और अगर फिर भी राज्य सरकार हमारी मांगे नहीं मानती हैं तो पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान धरने में नायब तहसीलदार राम खिलाड़ी मीणा , कानूनगो मुकेश मीना , जितेन्द्रशर्मा , अध्यक्ष पटवार संघ नेमीचंद मीणा , पटवारी दिनेश , भोलाराम,गोपाल कोली,महामंत्री मधुबाला , कविता, प्रियंका सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी पटवार संघ अध्यक्ष नेमीचंद मीना के द्वारा दी गई है।

## रैणी पंचायत समिति मे 24 से 30 जून तक महंगाई राहत कैंप होंगे आयोजित




सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार अलवर के रैणी ब्लॉक मे भी समूचे राजस्थान प्रदेश की तरह ही प्रत्येक पंचायत मुख्यालय पर महंगाई राहत कैंप और प्रशासन गांवो के संग कार्यक्रम शिविर 24 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक लगाये जायेंगे। इस सम्बन्ध मे रैणी बीडीओ कालूराम मीना ने रैणी एसडीएम रिया डाबी के आदेशानुसार मिडिया को बताया कि 24 , 25 अप्रैल को कीलपुरखेड़ा पंचायत मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे लगाया जायेगा तथा 26 , 27 अप्रैल को प्रागपुरा पंचायत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा मे रखा जायेगा व इसी तरह से 28 , 29 अप्रैल को जामडोली मे तथा 01 , 02 मई को डेरा मे एवं 3 , 4 मई को भूलेरी मे व इसी तरह से 08 , 09 मई को सालोली मे तथा 10 , 11 मई को भजेड़ा मे और 12 , 13 मई को रामपुरा मे एवं 15 , 16 को ईटोली मे व 17 , 18 मई को भूड़ा पंचायत मुख्यालय पर सरकारी सीनियर स्कूल मे और 19 , 20 को परबैणी मे और 23 , 24 को रैणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे तथा 25 , 26 मई को टहटड़ा मे और 29 , 30 मई को बैरेर पंचायत मे व 31 मई, 01 जून को बहड़को कला पंचायत मे और 05 , 06 जून को कानेटी पंचायत मे व 07 , 08 जून को पाडा पंचायत मे लेकिन पाडा पंचायत मे वार्डपंच का उप चुनाव होने के आचारसंहिता लागु रहेगी तथा 09 , 10 जून को बबेली पंचायत मे लेकिन बबेली पंचायत मे भी वार्ड पंच का उपचुनाव होने के कारण बबेली पंचायत मे आचारसंहिता लागु रहेगी तथा 12 , 13 जून को गढीसवाईराम मे व 14 , 15 जून को पिनान मे और 16 ,17 को डोरोली मे एवं 19 , 20 को माचाड़ी मे और 21 , 22 जून को पाटन पंचायत मे तथा 23 , 24 को राजपुरछोटा मे व 26 , 27 जून को बीलेटा पंचायत मे तथा सबसे अन्त मे 28 , 30 जून को छिलोड़ी पंचायत मुख्यालय पर महंगाई राहत कैंप और प्रशासन गांवो के संग कार्यक्रम शिविर आयोजित किए जाएंगे जिनमे सरकारी योजनाओ से सम्बन्धित रजिस्ट्रेशन किया जावेगा और आमजन को इन सभी योजनाओ से लाभान्वित कराया जावेगा ।

## श्री चारभुजा नाथ मंदिर में आयोजित किया, भजन कीर्तन में झुमे भक्तजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय श्री चारभुजा अमावस्या सेवा समिति द्वारा अमावस्या के अवसर पर आयोजित भजन कीर्तन में झुमे पालिका चेयरमैन सुमित काल्या सहित भक्तजन ! गुरुवार रात्रि को भगवान चारभुजा नाथ के भोग कार्यक्रम व महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया ! इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष मधुसूदन पारिक, पार्षद रामदेव खारोल, एडवोकेट गोपाल वैष्णव, महावीर शारदा, बिजयनगर वैष्णव समिति अध्यक्ष राधेश्याम राजाराम वैष्णव,राजेन्द्र वैष्णव, लालसिंह,गुड्डू सिंधी, इत्यादि भक्तजन मौजूद थे।

## भाजपाई ने चिकित्सालय में फल वितरण और परिंडे बांधकर सेवा कार्य किया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** भाजपाई ने हुरडा चिकित्सालय में फल वितरण एवं परिण्डे बांधने का सेवा कार्य किया ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा भावना एवं मानव कल्याण भावना के अन्तर्गत भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में शक्ति केंद्र हुरड़ा स्थित राजकीय चिकित्सालय मे मण्डल अध्यक्ष सावर लाल गुर्जर के नेतृत्व में जनरल वार्ड में फल वितरित किए गए साथ पक्षियों के लिए पानी पीने हेतु परिण्डे बांधे गये जिसकी नियमित पानी भरने की ज़िम्मेदारी स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मिश्री लाल बलाई को सौंपी गई ! शक्ति केंद्र सयोजक बालकृष्ण झँवर,नें सभी का धन्यवाद एवं आभा



ज्ञापित किया गया ! इस दौरान भाजपा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य करतार सिंह राठौड़,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भेरु लाल पाराशर,महामंत्री अशोक अजमेरा,ओम दायमा,अनिल वैष्णव, नारायण लाल गुर्जर,युवा मोर्चा अध्यक्ष चान्दमल मेवाडा, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामदयाल चौधरी,एस सी मोर्चा अध्यक्ष बाबू लाल रावल, मंडल मंत्री किल्ली बन्ना,पूर्व प्रधान कन्हैया लाल वैष्णव पूर्व ज़िला परिषद सदस्य हनुवंत सिंह राठौड़,माणक रायका,जीएसएस से रघुवीर सिंह भाटी,भाजपा नेता अमर सिंह चौहान,फलामादा सरपंच महिपाल सिंह चुण्डावत,महादेव माली,विकास आचार्य, चंद्र शेखर मेवाड़ा, राकेश टेलर, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

RNI : RAJHIN13216/2005
दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय
वर्ष: 17 अंक: 269 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 22 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव की ढेरों शुभकामनाएं।
Eid al-Fitr Mubarak

# पुंछ अटैक के बाद आर्मी का खोजो और मारो मिशन

## हमला करने वाले 7 आतंकियों की तलाश, ड्रोन-हेलिकॉप्टर भी शामिल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**श्रीनगर।** कश्मीर में सेना के ट्रक पर हमला करने वाले आतंकियों की तलाश की जा रही है। इसके लिए स्पेशल टीम को लगाया गया है। इसमें हेलिकॉप्टर, ड्रोन और स्निफर डॉग की भी मदद ली जा रही है। यह खोजो और मारो अभियान है। यानी नजर आते ही आतंकियों को खत्म करने का आदेश है। गुरुवार को यहां सेना के ट्रक पर गोलीबारी और फायरिंग की गई थी। इससे ट्रक में आग लग गई थी और राष्ट्रीय रायफल्स यूनिट के 5 जवान शहीद हो गए थे। एक जवान घायल हुआ था। डिफेंस सूत्रों के मुताबिक, घायल जवान ने बताया कि रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक में कम से कम 7 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उधर, जवानों पर आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम को पुंछ भेजा गया है। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) टीम ने सुबह जाकर पूरे इलाके की जांच की। भीमबेर गली पुंछ से 90 किलोमीटर और लाइन ऑफ कंट्रोल (LOC) से 7 किमी दूर है। यहां बेहद घना जंगल है। इस इलाके में 6 से 7 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी के इंटेलिजेंस इनपुट हैं। पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने ड्रोन-स्निफर डॉग से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आतंकी दो ग्रुप में बंटे हैं। हमला गुरुवार दोपहर 3 बजे राजौरी सेक्टर में तब हुआ, जब सेना के तीन वाहन जवानों को लेकर राजौरी-पुंछ नेशनल हाईवे पर भीमबेर गली से पुंछ की तरफ जा रहे थे। तेज बारिश और कम विजिबिलिटी का फायदा उठाकर आतंकियों ने घात लगाकर एक वाहन को घेरा। इसके बाद ग्रेनेड फेंके और करीब 50 राउंड फायर किए। इससे वाहन में आग लग गई।

### कौन है PAFF... अनुच्छेद 370 हटाने के बाद नाम सामने आया था

पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद समर्थित समूह है। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से ही PAFF का नाम सामने आने लगा था। यह संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद के मारे गए कमांडर जाकिर मूसा से प्रेरित है, जो आतंकी संगठन अल-कायदा का वफादार माना जाता है।

### ओडिशा और पंजाब के रहने वाले थे शहीद जवान

- शहीदों की पहचान लांस नायक देबाशीष बसवाल, लांस नायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह, सिपाही सेवक सिंह और हवलदार मनदीप सिंह के रूप में हुई है। इनमें से लांस नायक देबाशीष बसवाल ओडिशा के रहने वाले हैं, अन्य चार शहीद पंजाब के निवासी हैं।
- डिफेंस एक्सपर्ट मेजर जनरल (रिटायर्ड) पीके सहगल ने इस हमले की वजह सतर्कता की कमी बताई। उन्होंने कहा, 'ये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर है कि जब खराब मौसम होता है, बारिश हो, फॉग हो उस समय इस तरह के हमले हो सकते हैं। राष्ट्रीय रायफल्स के जवान हाईली ट्रेंड होते हैं। ऐसे समय जब हमला हो सकता था, तब उनकी कंपनी को सतर्क रहना चाहिए था। सतर्कता में खामी का फायदा पाकिस्तान ने उठाया ।

## गहलोत बोले- सर्वे में कई विधायकों की स्थिति अच्छी नहीं

# कहा... रिपोर्ट में सरकार रिपीट हो रही है, हर महीने 200 सीटों पर स्टडी होगी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर/नई दिल्ली।** प्रदेश में 7 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में दोनों पार्टियां फील्ड में उतर चुकी हैं। वहीं कांग्रेस ने चुनावी तैयारी के तहत सर्वे शुरू करवा दिया है और इसकी रिपोर्ट विधायकों से भी शेयर की गई है। अब सरकार हर महीने प्रदेश प्रभारी की देखरेख में विधानसभा सीटों का सर्वे करवाएगी। इसकी रिपोर्ट संबंधित विधायक को भी शेयर करेंगे। इसी आधार पर कांग्रेस अपनी रणनीति तैयार करेगी। खास बात यह है कि कांग्रेस के हाल ही में हुए सर्वे में कई विधायकों की स्थिति बेहद खराब मिली है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को दिल्ली दौरे पर खुद इसकी पुष्टी की है। गहलोत ने इस सर्वे रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि अब तक मेरे सर्वे में हमारी सरकार रिपीट हो रही है, लेकिन कुछ विधायक ऐसे भी हैं, जिनकी सर्वे में हालत अच्छी नहीं है। सीएम ने बताया कि टछअ को पता चलना चाहिए कि वह कहां स्टैंड कर रहा है। अगर कोई कमी लगती है तो उसमें सुधार कर सके, यह हमारे आगे का प्रोसेस रहेगा। हम एक-एक विधायक को साथ लेकर चल रहे हैं। हम चाहेंगे कि सबके काम हो। हम तो सपना देखेंगे कि सब विधायक जीतकर आएं। यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि वहां की जनता का मूड क्या है।

### बीजेपी आई तो हमारी स्कीम्स बंद कर देगी

गहलोत ने कहा- बीजेपी अब जाति और धर्म के नाम पर माहौल खराब करेगी। बीजेपी धनबल का प्रयोग करेगी। हम जनता से आग्रह करेंगे कि वे सरकार को रिपीट करें। बीजेपी आएगी तो हमारी स्कीम्स को बंद कर देगी। सब लोग जानते हैं, अनुभव बताता है कि पहले जब-जब बीजेपी की सरकारें बनी हैं, हमारी अच्छी योजनाओं को बंद किया है। रिफाइनरी जैसे प्रोजेक्ट को बंद कर दिया, इस वजह से 40 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट 70 हजार करोड़ का हो गया। इसका नुकसान किसको हुआ? इसीलिए हम बार-बार कहते हैं कि सरकार को रिपीट कीजिए।

### कानून अपना काम करेगा

- जनता में इस बात का एहसास है कि इस बार जैसा काम हो रहा है, वैसा इतिहास में कभी नहीं हुआ। उम्मीद करता हूं कि जनता वापस हमें इस बार आशीर्वाद देगी और चुनाव जीताएगी। जयपुर के रामप्रसाद सुसाइड मामले में सीएम ने कहा कि डेमोक्रेसी में आरोप लगते रहते हैं। कामों के बीच में बहुत सारी बाधाएं आएंगी। सच्चाई को लेकर आगे बढ़ेंगे। कानून को अपना काम करने देंगे।

### छत्तीसगढ़ से कोयला नहीं आ रहा, वहां ईडी के छापे डाल दिए

गहलोत ने कहा- आज बिजली का संकट पैदा हो रहा है। छत्तीसगढ़ से कोयला नहीं आ पा रहा है। वहां अलग स्ट्राइक चल रही है। ईडी के छापे डाल दिए। जहां चुनाव है, वहां सरकारों को टाइट करो, केंद्र और बीजेपी की यह नीति चल रही है। चुनाव राजस्थान में भी आ रहे हैं, अब बीजेपी यहां भी ऐसी ही हरकतें करेगी। हम कोयला सप्लाई सुनिश्चित रखने का प्रयास कर रहे हैं, अगर कोयला नहीं मिला तो आने वाले वक्त में जनता को तकलीफ हो सकती है।

### कई विधायकों ने खुद कहा- उनकी हालत अच्छी नहीं

गहलोत ने जयपुर में हुए फीडबैक को लेकर कहा कि फीडबैक में हर विधायक ने खुलकर अपनी राय दी है। कई लोग खुद कह रहे हैं कि हमारी स्थिति अच्छी नहीं है। हम कोशिश कर रहे हैं। कई बार गलती नहीं भी होती है, लेकिन पर्सेप्शन बन जाता है, झूठे आरोप लग जाते हैं। बीजेपी के पास और कोई मुद्दा नहीं रह गया है। हमने एक से बढ़कर एक स्कीम्स दी हैं। गहलोत ने कहा- कामों को लेकर किसी विधायक ने शिकायत नहीं की। यह बहुत रेयर होता है कि सवा चार साल बाद भी विधायक शिकायत नहीं करें। विधायकों ने यह भी कहा कि आम जनता में माहौल बन चुका है कि सरकार रिपीट होने जा रही है। मीटिंग में मैंने कहा भी कि मैंने एक सर्वे करवाया, उस सर्वे में भी आ रहा है कि सरकार रिपीट हो रही है।सरकार बदलने का जो सिलसिला चलता है, यह इस बार नहीं होगा। यह इस बात का प्रतीक है कि गुड गवर्नेंस पर काम हुआ है।

# चूक हुई तो देश का धन लुट जाएगा : मोदी

## IAS अफसर ध्यान रखें कि राजनीतिक दल टैक्सपेयर्स का पैसा कहां खर्च कर रहे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 16वें सिविल सर्विस डे पर IAS अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'जो राजनीतिक दल सत्ता में आया है, उस पर ध्यान रखें कि वो टैक्सपेयर्स के पैसे का इस्तेमाल अपने दल के लिए कर रहा है या देशहित के लिए। ये आपको देखना होगा। सरदार पटेल जिस ब्यूरोक्रेसी को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया कहते थे, उसे पूरा करना है, ब्यूरोक्रेसी से चूक हुई तो देश का धन लुट जाएगा।' दिल्ली के विज्ञान भवन में पीएम ने 33 मिनट तक स्पीच दी। उन्होंने कहा, 'देश ने आप पर बहुत भरोसा किया है। आपको मौका दिया है। उस भरोसे को कायम रखते हुए काम करिए। आपकी सर्विस में आपके निर्णयों का आधार सिर्फ और सिर्फ देशहित होना चाहिए।'



### पहली बार 2006 में विज्ञान भवन में हुआ था कार्यक्रम

हर साल 21 अप्रैल को भारत में राष्ट्रीय सिविल सर्विस डे मनाया जाता है। विज्ञान भवन में यह कार्यक्रम पहली बार 21 अप्रैल 2006 को आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम देश के कई सार्वजनिक विभागों में काम कर रहे सभी अधिकारियों की सराहना के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, जो भारत की प्रशासनिक मशीनरी को चलाने के लिए मेहनत करते हैं। यह सिविल सेवकों के लिए खुद को नागरिकों के लिए समर्पित करने का एक अवसर है।

## रामप्रसाद सुसाइड मामले में सरकार को नोटिस

# राष्ट्रीय ST आयोग ने सरकार से तीन दिन में एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** मंत्री महेश जोशी सहित आठ लोगों पर मकान नहीं बनाने देने और परेशान करने का आरोप लगाकर सुसाइड करने वाले रामप्रकाश मीणा का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय एसटी आयोग ने रामप्रकाश मीणा की मौत पर राज्य सरकार को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। एसटी आयोग ने मुख्य सचिव, डीजीपी, जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और जयपुर हैरिटेज नगर निगम के आयुक्त विश्राम मीणा को नोटिस भेजा है। एसटी आयोग ने नोटिस के जवाब के साथ सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। जयपुर में चांदी की टकसाल क्षेत्र में रहने वाले रामप्रसाद मीणा ने जमीन का पट्टा होने के बावजूद मकान नहीं बनने देने से परेशान होकर सुसाइड कर लिया था। मृतक ने मंत्री महेश जोशी सहित आठ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए सुसाइड कर लिया था। इस मामले में बीजेपी सासंद किरोड़ीलाल मीणा धरने पर बैठे। मृतक का अब तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ है। एक दिन पहले ही पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भी रामप्रसाद के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी थी।

# मंत्री खाचरियावास बोले-मैंने अब उड़ते तीर लेने छोड़ दिए

**कहा-** बीजेपी ने मुझे हेलीकॉप्टर से धक्का दिया, तब सोनिया गांधी ने मुझे पार्लियामेंट टिकट दिया था

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने सचिन पायलट मुद्दे से लेकर पार्टी के भीतर चल रह खींचतान से खुद को अलग बताते हुए कांग्रेस के साथ होने की बात कही है। पायलट और दूसरे नेताओं के बयानों पर खाचरियावास ने कहा- मैं सब के बयान का सम्मान करता हूं। मेरी किसी मंत्री से, किसी विधायक से, किसी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से, पायलट साहब से कोई लड़ाई नहीं है। कान खोल कर सुन लीजिए, मैंने उड़ते तीतर लेना छोड़ दिया है, कोई किसी को गलतफहमी है तो निकाल देना। खाचरियावास ने कहा- मैं कांग्रेस पार्टी के साथ हूं, हम कांग्रेस को सम्मान देंगे। क्योंकि सोनिया गांधी ने मुझे पार्लियामेंट का टिकट तब दिया था जब बीजेपी ने मुझे हेलीकॉप्टर से धक्का दे दिया था।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# बौद्ध सम्मेलन से मजबूत होगी सांस्कृतिक कूटनीति

भारत में पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करेगा। भारत में बेशक हिंदू बहुसंख्यक हैं, लेकिन यहां बौद्ध धम्म का जन्म होने के नाते समूच विश्व के बुद्धिस्टों का भारत के प्रति धार्मिक-सांस्कृतिक लगाव है। भारत में हिंदुओं का बौद्ध धम्म के प्रति कोई टकराव नहीं है, बल्कि जैन धर्म, सिक्ख धर्म, बौद्ध धम्म आदि को सहयोगी धर्म के तौर पर देखा जाता है। इस साल जब भारत विकसित व विकासशील देशों के संगठन जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है, उसमें वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के रूप में भी एक ऐसा ग्लोबल मंच मिला है, जहां से भारत विश्व को बौद्ध धम्म के अहिंसा और शांति के संदेश दे सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व को स्पष्ट कहा है कि बौद्ध धम्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध के उपदेशों में वैश्विक समस्याओं का समाधान है, बौद्ध धम्म के दिखाए रास्ते भविष्य के मार्ग हैं। पीएम ने विश्व से आह्वान किया है कि प्रत्येक राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के साथ विश्व के हित की भी हो। आज जब विश्व में रूस व यूक्रेन के बीच एक से अधिक समय से जंग जारी है, अमेरिका का रूस व चीन के साथ टकराव चरम पर है, आतंक व हिंसा से विश्व के अनेक देश पीड़ित हैं, दुनिया के कई देशों में जातीय, सांप्रदायिक, लैंगिक, क्षेत्रीय संघर्ष जारी है, ट्रेडवार, गरीबी, भुखमरी, बीमारी आदि के चलते सामाजिक आर्थिक तनाव हैं, जलवायु परिवर्तन के चलते पर्यावरण खतरे में है, ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने में महात्मा बुद्ध के व्यवहारिक संदेश आज अधिक प्रासंगिक हैं। बौद्ध धम्म के मानवता संदेश विश्व में शांति के लिए अधिक उपयोगी है। शांति के माहौल में ही विश्व का विकास संभव है। युद्ध, संघर्ष, आतंकवाद आदि से कुछ हासिल नहीं होगा। एक शांतिपूर्ण, अहिंसक और स्थिर विश्व की स्थापना के लिए बुद्ध का एक मार्ग है श्रेष्ठ है। अगर हमें विश्व को सुखी बनाना है, तो हमें स्व से निकलकर संकुचित सोच को त्यागकर समग्रता का मंत्र अपनाना होगा और यही बुद्ध का भी मंत्र है। सभी को अपने आस-पास गरीबी से जूझ रहे लोगों के बारे में और साथ ही संसाधनों के अभाव से जूझ रहे देशों के बारे में सोचना ही होगा। युद्ध, हिंसा, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद व मजहबी उन्माद जैसे खतरे मानवता की आत्मा पर प्रहार कर रहे हैं। आज विश्व में 50 करोड़ से अधिक बौद्ध हैं, विश्व की करीब सात फीसदी लोग बौद्ध धम्म को मानते हैं। 28 से अधिक देशों में बौद्ध अनुयायियों की प्रचूर आबादी है, विश्व के 200 से अधिक देशों में बौद्ध धम्म को मानने वाले लोग निवास कारते हैं। बौद्ध धम्म के अहम संदेश अहिंसा, सहअस्तित्व और समन्वय हैं, विश्व में शांति, विकास, गरीबी उन्मूलन के लिए इन संदेशों का पालन जरूरी है। विशेषज्ञों ने बौद्ध धम्म को विश्व का भविष्य का धर्म बताया है। शिखर सम्मेलन का विषय 'समकालीन चुनौतियों पर प्रतिक्रिया : अभ्यास के लिए दर्शन' है। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन बौद्ध धम्म में भारत के महत्व और अहमियत को चिन्हित करेगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शाक्यमुनि बुद्ध की शिक्षाओं पर गौर करना है जो सदियों से बुद्ध धम्म के अभ्यास से लगातार समृद्ध होती रही हैं। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन की मेजबानी अन्य बौद्ध देशों के साथ अपने सांस्कृतिक और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने में भारत की और मदद करेगी। यह सम्मेलन भारत की सांस्कृतिक कूटनीति के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।



## विश्लेषण

रवि शंकर

# बढ़ती आबादी, बढ़ती चुनौतियां

> संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के आंकड़ों के मुताबिक भारत 142.86 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के लिए चीन से आगे निकल गया है। जनसंख्या का संसाधनों पर दबाव बढ़ने से देश में आर्थिक, सामाजिक समस्याओं पर प्रभाव और बढ़ेगा। तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की सामाजिक आर्थिक समस्याओं की जननी बनकर देश के सामने खतरे की घंटी बन सकती है। जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा एवं गरीबी हैं। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। भारत के समक्ष बढ़ती जनसंख्या बड़ी चुनौती है।

सबसे ज्यादा जनसंख्या के मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत 142.86 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के लिए चीन से आगे निकल गया है। चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है। भारत में अब चीन के मुकाबले करीब 30 लाख ज्यादा लोग हैं। यूएनएफपीए की 'दि स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट-2023', जिसका शीर्षक 'आठ बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज-दि केस फॉर राइट्स एंड चॉइस' है, ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में ताजा आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की श्रेणी में दिए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि अब दुनिया की आबादी आठ अरब हो गई है। यूएनएफपीए 1950 से दुनिया में आबादी से जुड़ा डाटा जारी कर रहा है। तब से यह पहला मौका है, जब भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा है। इस रिपोर्ट में यह साफ है कि चीन की आबादी पिछले साल अपने चरम पर पहुंच गई और अब इसमें गिरावट आने लगी है। वहीं भारत की आबादी फिलहाल बढ़ रही है। हालांकि भारत की आबादी के ग्रोथ रेट में भी 1980 के बाद से गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी बढ़ रही है, लेकिन इसकी दर पहले के मुकाबले अब कम हो गई है।

यूएनएफपीए की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में है। 18 प्रतिशत 10 से 19 आयु वर्ग में, 26 प्रतिशत 10 से 24 वर्ष की आयु वर्ग में, 68 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग में और 65 वर्ष से ऊपर सात प्रतिशत है। वहीं चीन में 0 से 14 साल के बीच 17 प्रतिशत, 10 से 19 के बीच 12 प्रतिशत, 10 से 24 साल 18 प्रतिशत, 15 से 64 साल 69 प्रतिशत और 65 से ऊपर के लोगों की संख्या 14 प्रतिशत है। फिलहाल भारत की जनसंख्या विश्व जनसंख्या का 18 फीसदी है। भूभाग के लिहाज के हमारे पास 2.5 फीसदी जमीन है। 4 फीसदी जल संसाधन है, इसलिए जनसंख्या का संसाधनों पर दबाव बढ़ने से देश में आर्थिक, सामाजिक समस्याओं पर प्रभाव और बढ़ेगा। तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की सामाजिक आर्थिक समस्याओं की जननी बनकर देश के सामने खतरे की घंटी बन सकती है।

एक अनुमान के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या अगले दो दशक में 30 फीसदी तक बढ़ जाएगी। इतना ही नहीं विश्व में बीमारियों का जितना बोझ है उसका 20 फीसदी बोझ अकेले भारत पर है। वर्तमान में जिस तेज दर से विश्व की आबादी बढ़ रही है, उसके हिसाब से विश्व की आबादी में प्रत्येक साल तकरीबन आठ करोड़ लोगों की वृद्धि हो रही है और इसका दबाव प्राकृतिक संसाधनों पर स्पष्ट रूप से पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि भारत के कई राज्य विकास में भले ही पीछे हों, परन्तु उनकी जनसंख्या विश्व के कई देशों की जनसंख्या से अधिक है। उदाहरणार्थ तमिलनाडु की जनसंख्या फ्रांस की जनसंख्या से अधिक है तो वहीं



उड़ीसा अर्जेंटीना से आगे है। मध्यप्रदेश की जनसंख्या थाईलैंड से ज्यादा है तो महाराष्ट्र मैक्सिको को टक्कर दे रहा है। उत्तर प्रदेश ने ब्राजील को पीछे छोड़ा है तो राजस्थान ने इटली को पछाड़ा है। गुजरात ने साउथ अफ्रीका को मात दे दी तो पश्चिम बंगाल वियतनाम से आगे बढ़ गया। अपनी इस उपलब्धि के साथ हम यह कह सकते है कि भारत में जनसंख्या के आधार पर विश्व के कई देश बसते हैं।

जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा एवं गरीबी हैं। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। भारत के समक्ष तेजी से बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। इस स्थिति में जनसांख्यिकीय लाभांश जनसांख्यिकीय अभिशाप में बदलता जा रहा है। ब्रिटिश अर्थशास्त्री माल्थस ने 'प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशन' में जनसंख्या वृद्धि और इसके प्रभावों की व्याख्या की है। माल्थस के अनुसार,'जनसंख्या दोगुनी रफ्तार (1, 2, 4, 8, 16, 32) से बढ़ती है, जबकि संसाधनों में सामान्य गति (1, 2, 3, 4, 5) से ही वृद्धि होती है। परिणामतः प्रत्येक 25 वर्ष बाद जनसंख्या दोगुनी हो जाती है। हालांकि माल्थस के विचारों से शब्दशः सहमत नहीं हुआ जा सकता, किंतु यह सत्य है कि जनसंख्या की वृद्धि दर संसाधनों की वृद्धि दर से अधिक होती है। भलें पिछले दो दशकों में भारत ने काफी तरक्की की है, लेकिन जनसंख्या वृद्धि से बेरोजगारी स्वास्थ्य, परिवार, गरीबी, भुखमरी और पोषण से संबंधित कई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। भारत में अभी भी जागरूकता और शिक्षा की कमी है। लोग जनसंख्या की भयावहता को समझ नहीं पा रहे हैं। हाल ही में दुनिया में बढ़ते खाद्यान्न संकट के लिए एशिया को जिम्मेदार ठहराया गया था। तेजी से बढ़ती जनसंख्या ने प्रदूषण की दर को भी धधका दिया है। जिससे जमीन की उर्वरता तेजी से घट रही है साथ ही पानी का स्तर भी तेजी से घट रहा है। ऐसे में आने वाली पीढ़ियों के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी है।

जनसंख्या वृद्धि के कारणों में अन्य प्रमुख कारण है कम उम्र में विवाह होना। कानून बनने के बाद बाल विवाहों में तो कुछ कमी अवश्य आई है परन्तु अभी तक पर्याप्त सुधार नहीं हुआ है। भारतीय समाज में लड़के की चाहत भी जनसंख्या वृद्धि के लिए काफी कुछ जिम्मेदार है। यदि हमें देश को जनसंख्या वृद्धि के विस्फोट से बचाना है तो परिवार नियोजन जैसी योजनाएं बनानी पड़ेंगी जो देश के आम लोगों को आर्थिक रूप से सम्पन्न बना सकें। साथ ही साक्षरता के लिए भी प्रयास करना होगा। परिवार कल्याण कार्यक्रम में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही, हमें कुछ ऐसी नीतियां बनानी होंगी जिनसे जनता स्वयं इसमें रुचि ले। देश में एक मत का निर्माण होना चाहिए कि कैसे देश में सीमित संसाधनों के बीच बढ़ती जनसंख्या पर नकेल कसी जाए, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बढ़ती जनसंख्या को धार्मिक रंग देने की कोशिश करते हैं।

निश्चित रूप से भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकना एक कठिन चुनौती है, जिसे हमें स्वीकारना होगा और इसके लिए उत्तरदायी कारणों का समूल नाश करना होगा। साथ ही, देश के प्रत्येक नागरिक को निजी स्वार्थ त्याग कर देशहित में परिवार का स्वरूप निर्धारित करना होगा और यथा सामर्थ्य समाज को जागरूक करने का प्रयास करना होगा। यदि सभी नागरिक ईमानदारी पूर्वक अपना सहयोग दें तो निश्चय ही देश की बढ़ती आबादी को रोका जा सकता है। तभी आबादी से उत्पन्न तमाम संकट दूर होंगे और देश खुशहाल हो सकेगा।

(लेखक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मन की बात

अंजू बॉबी जॉर्ज



# एक खेल प्रेमी राष्ट्र के रूप में भारत का उत्सव

भारत में खेलों के लिए यह एक रोमांचक समय है। भारत के पास हमेशा से खेल प्रतिभाओं का एक होनहार और बड़ा पूल रहा है। जरूरत इस बात की थी कि मौजूदा नीतियों में संशोधन किया जाए और नई नीतियों को लाया जाए जो उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं से मेल खाती हों। सरकार प्रतिभा की पहचान, खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण, एलीट खिलाड़ियों को समर्थन और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो देश के खेल परिदृश्य को बदलने के लिए मिशन मोड में है और देश के कोने-कोने से महिलाएं, दिव्यांगजन और युवा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करता है। सफलता की गाथाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के कई खिलाड़ियों के धैर्य, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की कहानियों ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और देश के दिलों में जगह बनाई है।'खेलो इंडिया' एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में 'खेलो इंडिया गेम्स' भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देकर प्रोत्साहित करने से न केवल युवा खिलाड़ियों बल्कि राज्यों को भी अपने स्वयं के मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बढ़ावा मिला है। देश में एक समग्र खेल संस्कृति के विकास के अलावा, प्रत्येक खिलाड़ी और उनकी प्रगति को जानने में प्रधानमंत्री जो व्यक्तिगत रुचि लेते हैं। प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं। कॉमनवेल्थ हो या ओलंपिक जाने वाला भारतीय दल या खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले युवा, 'मन की बात' एक ऐसा मंच बन गया है, जहां खेल के मोर्चे पर देश की उपलब्धियां सामने आती हैं। अब, जब 'मन की बात' 30 अप्रैल, 2023 को अपना शतक पूरा करने जा रहा है, तो मुझे यकीन है कि इतने सालों में इसके सभी एपिसोड ने एथलीट्स के लिए अपनी प्रतिभा को तराशने और एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरणा का काम किया है। जब मैंने विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा। इस लिहाज से आज के युवा खिलाड़ी वाकई खुशकिस्मत हैं कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' जैसे अहम मंच पर उनके बारे में बात कर रहे हैं। वे उनके व्यक्तिगत हितों को भी अच्छी तरह से जानते हैं और उनके वापस आने पर उन्हें भव्य विदाई दे रहे हैं और उनका सत्कार भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है। खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है। वे दिन गए जब लोग केवल क्रिकेट के पीछे भागते थे। आज, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत की भागीदारी से एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय गौरव जुड़ा हुआ है। ओलंपिक 2020 से ठीक पहले, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के श्रोताओं से 'चीयर फॉर इंडिया' के साथ टोक्यो जाने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जो बाद में एक अभियान में बदल गया, जिसमें स्कूली छात्रों से लेकर मशहूर हस्तियों तक की भागीदारी देखी गई। टोक्यो ओलंपिक में सात और पैरालंपिक में 19 पदकों के साथ भारत ने चार दशकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक सहित कुल 61 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय थॉमस कप (बैडमिंटन) टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय पुरुष टीम ने 14 बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर चैंपियनशिप जीती। डेफलम्पिक्स ब्राजील के लिए भारतीय दल ने 16 पदकों के साथ देश के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 'मन की बात' ने एक मंच के रूप में नागरिकों, विशेषकर युवाओं में देश में खेलों के प्रति सामूहिक उत्साह को प्रेरित किया है।




# विश्वास पाने करनी पड़ती है तप-साधना




संकलित

## दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है।

# खुश रहने के लिए अच्छे व्यक्ति को गुरु बनाएं




संकलित

## प्रेरणा

संत सूरदास से जुड़ा किस्सा है। उनके पिता रामदास जी गायक थे और वे ब्राह्मण थे। उनका परिवार बहुत ही गरीब था, इस कारण एक समय का खाना भी मुश्किल से ही मिल पाता था। रामदास जी भजन गाते और बालक सूरदास सुनता था। कुछ समय बाद बालक सूरदास भी भजन के बोल सीख गए और गाने लगे। सूरदास के बारे में कहा जाता है कि वे जन्म से ही अंधे थे। समय के साथ सूरदास की धर्म-कर्म में रुचि बढ़ गई। पिता को चिंता होने लगी कि इस बालक का क्या होगा? एक दिन सूरदास जी के जीवन में वल्लभाचार्य जी आए। गांव के बाहर नदी के किनारे पर इनकी भेंट हुई थी। वल्लभाचार्य जी ने सोचा कि ये बालक ऐसे ही बोलता रहा, सुनाता रहा तो भटक जाएगा। इसके ज्ञान को और इसकी योग्यता को सही दिशा देनी होगी। इसके बाद उन्होंने सूरदास जी को अपना शिष्य बना लिया। वल्लभाचार्य जी ने सूरदास जी को श्रीकृष्ण की लीलाओं के बारे में बताया। श्रीनाथ जी के मंदिर में कृष्ण लीला गान करने की जिम्मेदारी सूरदास को सौंप दी। इसके बाद सूरदास जी जीवन भर श्रीकृष्ण की लीलाओं का गान करते रहते थे। सूरदास जी को गुरु के रूप में वल्लभाचार्य जी मिले थे। गुरु के द्वारा दिखाए गए सही रास्ते पर सूरदास जी चले और उनका जीवन बदल गया, उनकी सारी समस्याएं खत्म हो गईं। इस प्रसंग में हम ये बात सीख सकते हैं कि जिन लोगों के जीवन में अच्छे गुरु हैं, उनका जीवन सकारात्मक रहता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित खानपान और जीवन शैली लीवर रखेगी स्वस्थ

19 अप्रैल को वर्ल्ड लीवर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को लीवर को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना भी है। इस वर्ष के इस दिवस का थीम है 'सतर्क रहें, नियमित लीवर चेकअप करें, फैटी लीवर किसी को भी प्रभावित कर सकता है।' आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में हम भारतीय भी इस तरह शामिल हो गए हैं कि हम अपनी सेहत का ख्याल रखना भी भूलते जा रहे हैं और इसी कारण हमारे देश में भी जानलेवा बीमारियों के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में भी लीवर बीमारी के मरीज बढ़ने लगे हैं और इसके शिकार कम उम्र के लोग भी हो रहे हैं। चिकित्सक इस बीमारी के वैसे तो बहुत से कारण बताते हैं, लेकिन गलत खानपान और जीवनशैली भी इसकी मुख्य वजह हैं।

*- प्रवीण सोनी, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### यूनिसेफ ने की प्रशंसा



भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है। यूनिसेफ स्वास्थ्य सलाहकार ने भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम और डिजिटल स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की प्रशंसा की। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत दूसरों के लिए एक उदाहरण के रूप में उभरा है।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### ट्विटर से अपील



अरे, ट्विटर मालिक भैया, ये ट्विटर पे एक एडिट बटन भी लगा दो प्लीज। बार बार जब ग़लती हो जाती है, और शुभचिंतक, बताते हैं हमें, तो पूरा ट्वीट, डिलीट करना पड़ता है, और ग़लत ट्वीट को ठीक कर के, फिर से छापना पड़ता है।

**-अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

### दुःख की बात



एक 70 साल की बुजुर्ग मां को पेंशन पाने के लिए धूप में नंगे पैर चलते देखकर आंखों से आंसू आ गए! कितने दुःख की बात है कि आज आज़ादी के 75 सालों के बाद भी हम लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक सुनिश्चित नहीं करा पाए हैं।

**-स्वाति मालीवाल, डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष**

### रहस्य क्या है




स्वीडन की आबादी 11 मिलियन से कम है। आधा मुंबई मेट्रो क्षेत्र! फिर भी इस छोटे से देश ने अत्याधुनिक नवप्रवर्तन के माध्यम से जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक निगमों का निर्माण किया है। प्रति व्यक्ति अविश्वसनीय रूप से उच्च रचनात्मकता। उनका रहस्य क्या है?

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# भारत, अमेरिका के सामने एक जैसी चीनी सुरक्षा चुनौतियां



अमेरिका के एक शीर्ष कमांडर ने यहां कहा कि भारत और अमेरिका चीन से एक समान सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी उत्तरी सीमा की सुरक्षा में जुटे भारत को बाइडन प्रशासन न केवल ठंड के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध करवा कर सहायता पहुंचा रहा है बल्कि वह उसे अपना औद्योगिक आधार विकसित करने की उसकी कोशिश में भी मदद कर रहा है। अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन क्रिस्टोफर एक्विलिनो ने हिंद-प्रशांत राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों को लेकर प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को बताया, 'हम भारत के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देते हैं और समय के साथ हम इसे बढ़ा रहे हैं। उनके समक्ष भी वही सुरक्षा चुनौती है, प्राथमिक सुरक्षा चुनौती है जिसका सामना हम करते हैं और वाकई उनकी उत्तरी सीमा पर यह समस्या है।' एडमिरल ने कहा, 'उस सीमा पर पिछले नौ या 10 महीनों में दो झड़पें हुई हैं क्योंकि चीन की तरफ से उन्हें सीमा पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है।' एडमिरल जॉन क्रिस्टोफर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

## ऑफ बीट

# पौधे कैसे बदल सकते हैं आपकी मानसिक स्थिति



पौधे, लोगों को जानवरों से काफी अलग दिखते हैं और बहुत से लोगों के लिए उन्हें खुद से अलग समझना आसान हो जाता है और वे इनके महत्व को समझने से चूक जाते हैं। कई लोग फूल और पेड़ों की सुंदरता और उनकी बनावट की तारीफ करते हैं और उन्हें पता है कि प्रकाश संश्लेषण (फोटोसिंथेसिस) जीवन के लिए जरूरी है, लेकिन पौधों से हमारा मानसिक तथा शारीरिक संबंध अपेक्षा से कहीं अधिक गहरा है। वे 'स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल' के स्तर को कम करके मनुष्यों में अवसाद, तनाव और व्यवहार में उतार-चढ़ाव (मूड डिसऑर्डर) के लक्षणों को कम कर सकते हैं। इससे हृदय गति नियंत्रित हो सकती है और मन अच्छा हो सकता है। कई अध्ययनों से पता चला है कि बागवानी (थेरेपी) से कुछ लोग उनके अभिघातजन्य तनाव विकार (पीटीएसडी) लक्षणों से निजात पा सकते है और बेहतर तरीके से जीवन जीने में उन्हें मदद मिल सकती है। जीवंत व प्राकृतिक रंगों से मस्तिष्क को प्रेरणा मिलती है जिससे आपकी रचनात्मकता बढ़ सकती है। यहां तक कि आपकी मेज पर रखे छोटे पौधों का भी आप पर अधिक प्रभाव पड़ सकता है।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर इकाई की मीटिंग संपन्न

**कार्यकरिणी टीम का माला पहनाकर किया सम्मान**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर कार्यकारिणी के सदस्यों की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा द्वारा अपनी कार्यकरिणी टीम का सम्मान माला पहना कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेम स्वरूप पारीक महामंत्री मुख्यालय, विशिष्ट अतिथि एस के शर्मा अध्यक्ष शास्त्री नगर एवं हॉस्टल अध्यक्ष का विद्याधर नगर अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा एवं पंडित जयदेव शर्मा अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकारिणी द्वारा परशुराम जयंती सप्ताह पर भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करना सुनिश्चित हुआ। विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। संगठनात्मक विषय, जन जागृति हेतु विशेष अभियान चलाना, सदस्यो में आपस में प्रेम भाव रखना, प्रतिभावान छात्रों का सम्मान करना, निर्धन परिवारों को यथा योग्य मदद करवाना, बुजुर्गों का सम्मान एवं भामाशाहों का सम्मान करनाआदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया, इस अवसर पर प्रेमस्वरूप पारीक महामंत्री मुख्यालय एवं एस के शर्मा अध्यक्ष शास्त्री नगर, रविशंकर शर्मा अध्यक्ष, बनवारी लाल शर्मा पूर्व अध्यक्ष, पंडित नंदकिशोर शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंडित ललित कुमार जैमन सम्मानित सदस्य मुख्य वक्ता रहे। इसके अलावा कार्यकरिणी सदस्य अरुण शर्मा महामंत्री, विकास सुरोलिया,नंदलाल शर्मा, पंकज शर्मा, कैलाश शर्मा ने भी उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा ने सभी का उपस्थित होने के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और इसके साथ ही कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा दौसा द्वारा होगा धरना प्रदर्शन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**दौसा।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की प्रदेश कार्यकारणी के आव्हान पर शिक्षको की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 11 सूत्रीय मांग पत्र पर सरकार का ध्यान आकर्षण करने को लेकर 24 अप्रैल 2023 को प्रातः 10 बजे शहीद स्मारक , गवर्मेंट हॉस्टल , पुलिस कमीशनर कार्यालय के पास , जयपुर पर प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय धरना आयोजित होगा। जिसमे दौसा जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। संग के जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टो को तत्काल सार्वजनिक कर लागू किया जावे एवं समस्त शिक्षक संवर्गों की सभी वेतन विसंगतियों का तत्काल निवारण करने, समस्त राज्य कर्मचारियों को 8-16-24-32 वर्ष पर ए. सी. पी. का लाभ देकर पदोन्नति पद का वेतनमान प्रदान करने, ठढर कार्मिकों के लिए लागू हुई पुरानी पेंशन योजना (डढर) की समस्त तकनीकी खामियाँ ठीक करते हुए ठढर फण्ड की जमा राशि शिक्षकों को देने के साथ-साथ जीपीएफ 2004 के खाता नम्बर तत्काल जारी करने एवम सम्पूर्ण सेवाकाल में परिवीक्षा अवधि केवल एक बार एक वर्ष के लिए हो तथा नियमित वेतन श्रृंखला में फिक्सेशन के समय परिवीक्षा अवधि को भी जोड़ा जाए । शिक्षा विभाग में ऑनलाइन कार्यो पर निर्भरता को दृष्टिगोचर रखते हुए राज्य के समस्त शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों को मासिक इंटरनेट भत्ता तथा एंड्राइड फोन उपलब्ध कराए जाने सहित 11 सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना शहीद स्मारक जयपुर पर दिया जायेगा। संघ के जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवम जिला अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने बताया कि धरने से एक दिन पूर्व 23 अप्रैल को आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय सभागार, राजापार्क, जयपुर में संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों सहित प्रत्येक जिला कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री, महिला मंत्री, संगठन मंत्री, महिला संगठन मंत्री, सभाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष अपेक्षित है। संघ के जिला संगठन मंत्री राजकुमार नेतावाला ने सभी सक्रिय सदस्यो से धरने में अधिक से अधिक संख्या में नियत समय पर भाग लेने का आग्रह किया है।

**अपनी माँगों को मानने का रखेंगे प्रस्ताव**

### बढ़ेगा ज्ञान: राष्ट्रीय आरोग्य मेला जयपुर में देंगे पंचकर्म चिकित्सा की जानकारी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आयुर्वेद विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर की एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा जयपुर में चार दिवसीय (20 से 23 अप्रैल तक) राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय के डॉ चंद्रशेखर सिंह (वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) ने बतलाया कि पंचकर्म विभाग द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श/ औषधि तथा पंचकर्म की जानकारी प्रदान की जा रही है` डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि आयुर्वेद अति प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पंचकर्म चिकित्सा का विशेष महत्व है। पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से जटिल से जटिल रोगों की चिकित्सा संभव है। उन्होंने कहा कि आज लोग आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में विश्वास दिखा रहे हैं । दिन प्रतिदिन लोग आयुर्वेद पद्धति से जुड़ रहे हैं और आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनसामान्य में पंचकर्म के प्रति रुझान को देखते हुए मेले में हर दिन करीब 150 से अधिक रोगी चिकित्सा परामर्श का लाभ ले चुके हैं । डॉ चंद्रशेखर सिंह ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा आरोग्य मेला में भाग लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर उनके साथ चिकित्सालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा**

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न प्रतियोगिता हुई आयोजित

**परशुराम क्रिकेट लीग में दधीचि डिफेंडर्स ने विजेता ट्राफी पर किया कब्जा**

### प्रतियोगिता में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर लिया भाग

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (ब्यूरो चीफ, अनिल सिखवाल)** । भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण समाज ब्यावर द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत चतुर्थ दिन संपन्न कार्यक्रमों में रोहित शर्मा फाउंडेशन के सानिध्य में संपन्न तीन दिवसीय परशुराम लीग क्रिकेट मैच में दधीचि डिफेंडर्स ने रोमांचित फाइनल मैच में 9 रनो से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। यह जानकारी देते हुए भुवनेश शर्मा ने बताया कि परशुराम प्रीमियर लीग का आयोजन ब्राह्मण समाज ब्यावर रोहित कुमार शर्मा फाउंडेशन द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत 12 टीमों ने भाग लिया जो 18 तारीख को चालू हुई थी 20 को सेमीफाइनल और फाइनल हुआ जिसके अंतर्गत दधीचि डिफेंडर्स अगस्ता टस्कर अंगिरा सेवन अत्रि रॉयल्स सेमीफाइनल में पहुंची फाइनल दधीचि डिफेंडर्स वर्सेस अत्री रॉयल्स का हुआ जिसमें दधीचि डिफेंडर विजई रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में समाज की महिलाओं की 4 टीमों ने भी भाग लिया जिसे देखने के लिए श्याम स्पोर्ट्स मैदान में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही हर चौके छक्के पर ढोल धमाकों से आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी की गई तथा बीच-बीच में आतिशबाजी भी की गई।



#### महिलाओं की प्रतियोगिता

इसी प्रकार परशुराम भगवान में महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मेंहदी प्रतियोगिता में तमन्ना शर्मा प्रथम, तन्वी शर्मा द्वितीय और दीपिका तृतीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर में राखी पाराशर प्रथम,उमा पाराशर द्वितीय तथा कोशल्या कौशिक तृतीय स्थान पर रही। मटका फोड़ में ममता शर्मा विजेता रही। निर्णायक लता टेलर और खुशबू गोदिया थी। प्रभारी के रूप में अंजली भार्गव, लता शर्मा, गिरिजा शर्मा और पुष्पांजलि पारिख मौजूद रही।विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

#### आचार्यों ने भी लिया भाग

प्रतियोगिता के अंतिम दिन ब्यावर के आचार्यों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया जहां भगवान परशुराम टीम और गायत्री टीम में रोमांचक मुकाबला हुआ सबसे बड़ी बात यह रही थी सभी आचार्य परंपरागत धोती और कुर्ते की पोशाक में रहते हुए मैदान में उतरे। इसी दौरान 10 साल के कम उम्र के बालकों के लिए भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। (देर रात तक दर्शक रहे मौजूद) फाइनल मैच होने तक देर रात तक सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। विजेता और उप विजेता टीमों को विनर और रनर ट्रॉफी से नवाजा गया वही अन्य शेष खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्लेयर ऑफ टूनामेंट सौरभ ओझा बेस्ट बैट्समैन अक्षय दुबे बेस्ट बोलर संदीप पारीक रहे।

#### भव्य शोभायात्रा और वाहन रेली

शनिवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह परशुराम भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक अनुष्ठान के बाद दोपहर 3:00 मेवाड़ी गेट बाहर स्थित गुर्जर गौड छात्रावास से भव्य शोभा यात्रा और रैली का आयोजन किया जाएगा जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई स्टेशन रोड स्थित हनुमंतेश्वर मंदिर पहुंचेगी जहां भगवान परशुराम जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ विसर्जन होगा।

## अलवर जिले के रेल जंक्शन जल्द ही होंगे आधुनिक सुविधाओं से युक्त

**जिले को नई रेल सेवाओं का भी मिलेगा लाभः सांसद योगी**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**युवराज शर्मा/अलवर।** अलवर जिले के रेलवे जंक्शन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने का प्रयास अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी के संदर्भ में जानकारी देते बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वंदे भारत ट्रेन के ठहराव के बाद अब जम्मूतवी उदयपुर सिटी जम्मूतवी गरीब रथ साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा का लाभ भी अब अलवर जिले वासियों को मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन के माध्यम से अलवर के यात्री हिसार लुधियाना के रास्ते जहां जम्मू तक सफर कर सकेंगे वहीं दूसरी तरफ जयपुर अजमेर भीलवाड़ा से होकर जाने वाली इस ट्रेन का लाभ यात्रियों के लिए बहु उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं अलवर जंक्शन पर अब यात्रियों को लिफ्ट की सुविधा भी प्राप्त हो सकेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लिफ्ट को लेकर टेंडर जारी कर दिए गए हैं प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्य कुछ ही दिनों में प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अलवर जंक्शन के बहुआयामी विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश में रेलवे सुविधाओं का आधुनिकरण किया जा रहा है, इसी क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे में जयपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट के टेंडर जारी कर दिए हैं` इसमें अलवर जंक्शन पर 3 लिफ्ट के टेंडर जारी हुए हैं, जिसका लाभ जल्द ही आमजन को मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव व रेलवे के उच्च अधिकारियों से निरंतर संवाद और पत्र व्यवहार के माध्यम से संपर्क साधे हुए हैं। जिससे रेलवे सुविधाओं का अलवर जिले वासियों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। लिफ्ट की सुविधा प्रारंभ होने से रोगी और दिव्यांगों के लिए ना केवल एक बड़ी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी अपितु बुजुर्ग और बच्चों के लिए भी यह आरामदायक रहेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में अलवर जंक्शन के लिए एस्केलेटर को लेकर भी टेंडर जारी होंगे और इसका लाभ रेलयात्री उठा सकेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य ट्रेनों के ठहराव, रेलवे जंक्शन की सुविधाओं को बढ़ाने, नए रेलवे प्लेटफार्म का निर्माण, उच्च तकनीकी सुविधाओं का विस्तार व अन्य विषयों के लिए भी वह निरंतर प्रयासरत है।

**ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने**

## परशुराम जयंती पर पुष्प वर्षा कर दिया सामाजिक समरसता का परिचय






सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा /अलवर ।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद के कार्यकताओं ने शुक्रवार को होप सर्कस पर परशुराम जंयती पर वाहन शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया ।परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता (अग्रवाल) ने बताया के कार्यकताओं ने हाथ जोड़ विप्र समाज के प्रमुख लोगों का अभिनंदन किया उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और विभिन्न झांकियों और महिला पुरुष की टोलियां पर पुष्प वर्षा की। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक, डॉ पंकज गुप्ता (अग्रवाल) के साथ अलवर के जिला अध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी नगर अध्यक्ष यशवंत कुमार गुप्ता, हैदराबाद से आए हुए महेंद्र जी, प्रांत सचिव प्रेम प्रकाश शर्मा नगर मंत्री मनोज कुमार शर्मा गीता परिवार के जिलाध्यक्ष अश्वनी जावली थानागाजी से भाजपा नेता महावीर उपाध्याय रजनीश बांगा, हरी सिंह चौधरी, बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद सें प्रेम राजावत सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### प्राचार्य गुंजन सोनी ने घायल मरीजों के उपचार हेतु सीनियर डॉक्टर्स को उपलब्ध रहने के आदेश किये जारी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** नगर स्थापना दिवस तथा अक्षय तृतीया के अवसर पर दिनांक 22 व 23 अप्रेल को होने वाली पतंगबाजी को ध्यान में रखते हुए सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में निश्चेतन विभाग, सर्जरी विभाग, न्युरोसर्जरी विभाग तथा अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्षों को अपने विभाग के चिकित्सकों को पंतगबाजी के दौरान घायल हुए मरीजों के उपचार हेतु ऑन-कॉल उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है।

### नेक पहल : जन्म दिवस पर पक्षियों के लिए लगाये परिंडे

**अध्यक्ष युगल खोड़ा ने अपने जन्मदिन पर 31 परिंडे लगा किया नेक कार्य**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जवाहर नगर कच्ची बस्ती युवा विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष युगल खोड़ा ने शुक्रवार को अपने जन्म दिवस पर 31 परिंडे पक्षियों लिए लगाये। अध्यक्ष खोड़ा ने अपने मन की बात साझा करते हुए कहा कि पक्षी भी मानव जीवन अभिन्न अंग है। पर्यावरण संरक्षण के लिए परिंदों का संरक्षण भी जरूरी है। भीषण गर्मी में पेयजल, दाना-पानी की व्यवस्था करना सभी का फर्ज है। यही सोच रखकर जन्मदिन इस बार इस तरह लोगों को जागरूक कर मनाने का फैसला लिया। जवाहर नगर सेक्टर 2 खड्डे वाले पार्क में इस पुनीत कार्य में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पार्षद महेन्द्र पहाड़िया, आशीष मेहता, हनुमान खोड़ा, धर्मेन्द्र बदोरिया, रमेश नरूका, अशोक कुमार, निक्की गुर्जर सहित कई लोग शामिल रहे।

## भगतसिंह यूथ ब्रिगेड की बैठक में जनसमस्याओ सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**बैठक में शहर में राजकीय महाविद्यालय की शासकीय स्वीकृति पर उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी व सरकार का जताया आभार**

सितार न्यूज नेटवर्क



**कुचामनसिटी(नि. स.)।** भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की बैठक शहर में स्थित सरला बिरला कल्याण मंडप के पास स्थित भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार भाकर कि अनुशंसा पर बैठक हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया ने की कुचामन शहर में सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालय की शासकीय स्वीकृति मिलने पर बैठक में भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी व सरकार का आभार प्रकट किया परबतसर तहसील अध्यक्ष बिरमाराम बागड़वा ने भी अपने विचार व्यक्त किए वही बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई थी की कुचामन शहर की रिंग रोड पर कचरा डाला जा रहा है इसको लेकर भी चर्चा की और कहा की नगर परिषद को इस बारे में अवगत करवा कर रिंग रोड से कचरा अन्य जगह डलवाया जाए ताकि रिंग रोड का सौंदर्य करण बना रहे बैठक में इस बात की भी चर्चा हुई कि लोगों की शहर में समस्या बताई जा रही है जैसे की सफाई व्यवस्था सही नहीं है सड़क की समस्या है लेकिन अभी यहां शहर का निर्माण चल रहा है सड़कों का चौड़ीकरण, सीवरेज का कार्य, डिवाइडर का कार्य चल रहा है इससे व्यवस्था बाधित हो रही है लेकिन फिर भी जो कुचामन शहर की समस्या है जनता की समस्या है उसको लेकर भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता द्वारा नगर परिषद से समाधान की मांग की जाएगी और समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा बैठक में इस बात को लेकर भी चर्चा की गई कि नगर परिषद प्रशासन को चाहिए कि जिस क्षेत्र में सीवरेज लाइन डिवाइडर व सड़क निर्माण कार्य चल रहा है उस क्षेत्र का निर्माण कार्य पूरा करें उसके बाद ही आगे बढ़े ताकि जनता को समस्या कम पैदा हो बैठक में कार्यकारिणी सदस्य समाजसेवी राजकुमार फौजी ने कहा कि शहर में जो भी समस्या है पानी बिजली नालियों की सफाई की सड़कों की विभिन्न समस्याओं से नगर परिषद को अवगत करवाएंगे और इसका जल्दी से जल्दी समाधान करवाने की बात कही राजकुमार फौजी ने यह भी कहा कि भगत सिंह यूथ ब्रिगेड जनता की समस्याओं को लेकर शहर सहित गांव ढाणियों तक जनता के साथ में है इससे पहले भी कुचामन शहर में जन समस्या को देखते हुए पांचवा रोड पर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए 9 दिन तक जनता के साथ धरना प्रदर्शन करके समाधान करवाने का काम किया भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गांव गांव ढाणी ढाणी तक जाकर कुचामन शहर में राजकीय महाविद्यालय के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया सरकार द्वारा कॉलेज की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है इस पर सरकार का आभार व्यक्त भी किया इस मौके पर नावा तहसील अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय बिजारणिया, परबतसर तहसील अध्यक्ष बिरमाराम बांगड़वा, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार फौजी, प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया, अजय बिजारणिया, बाबूलाल शर्मा, रामेश्वर ढाका, मदन कड़वा, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन

## अध्यक्ष सुनील चौधरी और शार्प संस्था के सहयोग से आयोजित





### 60 दिवसीय अवधि में हुआ कौशल विकास कार्यक्रम

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर** । नेहरू युवा केंद्र (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार) जयपुर से संबंधित स्वयंसेवक और स्वामी विवेकानंद युवक मंडल के अध्यक्ष सुनील चौधरी और शार्प संस्था के सहयोग से आयोजित 60 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन। सुनील चौधरी ने बताया कि 60 दिवसीय इस कार्यक्रम में राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुलिस लाइन पानीपेच में होम अप्लायंसेज, राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसनपुरा में मोबाइल रिपेयरिंग, राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बाढ़पीथावास में ब्यूटी एंड वैलनेस के कोर्स संचालित किए गए थे सभी विद्यार्थियों को कोर्स से संबंधित किट और सभी संबंधित औजार उपलब्ध भी करवाए गए थे। इन कोर्स में करीब 150 विद्यार्थियों को 60 दिवसीय कोर्स पैन इंडिया के माध्यम से लेबर्नेट के प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। लर्निंग के साथ अरनिंग इस कार्यक्रम के उद्देश्य के तहत बच्चों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ अपने आने वाले भविष्य के लिए बचत करना जरूरी है इसके तहत उन्हें कोर्स करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान ही सुनील चौधरी और कल्पना वर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को बजट, प्लानिंग, और बैंकिंग और बचत के बारे में भी संपूर्ण जानकारियां दी गई तथा उन्हें प्रशिक्षित किया गया। कोर्स के दौरान बच्चों ने मोबाइल रिपेयरिंग करना सीखा तथा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बनाएं इसी तरह होम अप्लायंसेज में भी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शित किए। संपूर्ण कोर्स संचालित होने के बाद सभी विद्यार्थियों की परीक्षा लेकर सभी सफल विद्यार्थियों सर्टिफिकेट प्रदान किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य सहयोगी नेहरू युवा केंद्र जयपुर से संबंधित स्वयंसेवक कल्पना वर्मा ने बताया कि कोर्स सीखने के बाद बच्चे समाज में अपनी अलग पहचान बनायेंगे तथा अपनी स्वयं की बचत के साथ-साथ अपने परिवार में भी योगदान देंगे तथा आने वाले भविष्य के लिए अपनी पढ़ाई के लिए अपने लिए बचत करेंगे। संपूर्ण प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन सुनील चौधरी और कल्पना द्वारा किया गया।

पृथ्वी दिवस 2023

# जैव विविधता संरक्षण हेतु एकजुट होकर प्रयास करे : के सी बिश्नोई

## पक्षियों के लिए परिंडा अभियान का शुभारंभ : मनीष सक्सेना

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर** । राजस्थान राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड, एनिमल वैल्फेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति तथा वर्ल्ड संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के सी बिश्नोई, एनिमल वैल्फेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, भारत सरकार के प्रतिनिधि मनीष सक्सेना, आरएलडीबी के सीईओ डॉ एन. एम. सिंह, गोपालन के पूर्व निदेशक डॉ लाल सिंह तथा विश्व धर्म जन चेतना मंच तिरुपति के अध्यक्ष संजय शर्मा ने पृथ्वी दिवस पर विशेष पोस्टर का विमोचन किया तथा गर्मियों में पक्षियों के लिए परिंडे बांध कर परिंडा अभियान का शुभारंभ किया जिसके तहत राज्य भर मे दस हजार परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री के सी बिश्नोई ने बतलाया कि मनुष्य ने अपने स्वार्थवश पृथ्वी के संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन कर वातावरण को अत्याधिक प्रदुषित कर दिया है जिसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी की जैव विविधता पर संकट खड़ा हो गया है। जैव विविधता संरक्षण हेतु प्रत्येक नागरिक को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए अधिक से अधिक संख्या मे पौधारोपण करने एवं जीव जंतुओ तथा पक्षियो की सभी प्रजातियो का संरक्षण करने की अतिशीध्र आवश्यकता है। पृथ्वी दिवस पर हम संकल्प लें कि जीवनदायिनी धरती को किसी भी रुप में हानि नहीं पहुँचायागे तथा अपने प्राकृतिक संसाधनो, जलस्त्रोतों एवं वनों का संरक्षण करेंगे। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं एनिमल वैल्फेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि मनीष सक्सेना ने बतलाया कि जैव विविधता संतुलन में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए इस वर्ष पृथ्वी दिवस के अवसर पर वर्ल्ड संगठन द्वारा प्रदेश में परिंडा अभियान प्रारम्भ किया गया है। गर्मियों में जैसे जैसे पारा चढेगा बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी की समस्या बढ़ती जायेगी। प्रतिवर्ष गर्मियों मे दाने पानी के अभाव मे सैकड़ों पक्षियों की अकाल मौत हो जाती है अतः सभी नाागरिको से अपील है कि इस गर्मियों मे अपने घरो एवं आस पास के पेड़ों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर उसमे प्रतिदिन स्वच्छ जल भरे साथ ही पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था भी करे। वर्ल्ड संगठन की उपनिदेशक नम्रता ने बतलाया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस इन्वेस्ट इन अवर प्लेनेट की थीम पर विश्वभर मे मनाया जा रहा है। जो हमें हरित समृध्दि से समृद्व जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह हमें संदेश देती है कि हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारो, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस के तहत वर्ल्ड संगठन द्वारा विशेष पोस्टर भी जारी किया गया है।

# आचार्य चौक में ज्योतिष आचार्य अनिल पुरोहित के घर हुआ सीएम ओएसडी लोकेश शर्मा का स्वागत

## अशोक गहलोत फैन्स क्लब के ऋषि कुमार व्यास भी रहे साथ

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी (संप्रेषण) श्री लोकेश शर्मा ने अपने बीकानेर प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों मे शिरकत की, इसी क्रम में श्री शर्मा ऋषि कुमार व्यास के साथ बीकानेर के शहरी परकोटे स्थित आचार्य चौक में सुप्रसिद्ध युवा ज्योतिषाचार्य अनिल पुरोहित के घर पहुंचे जहां पर उनका भव्य स्वागत स्थानीय युवाओं तथा पुरोहित परिवार द्वारा किया गया। पुरोहित के आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान साफा विशेषज्ञ आशीष पुरोहित ने लोकेश शर्मा को साफा पहनाया, उद्यमी दुगार्शंकर पुरोहित ने रूद्राक्ष की माला पहनाई, राजेश श्रीमानी ने शॉल ओढ़ाया, तथा 5 माह की बच्ची मिताक्षी आचार्य ने लोकेश शर्मा का तिलक कर स्वागत किया। इस दौरान शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे । स्वागत से कार्यक्रम से अभिभूत लोकेश शर्मा ने कहा कि बीकानेर अपणायत का शहर है और इस शहर के ऊजार्वान युवाओं से मिलकर मुझमें एक अलग ही शक्ति का संचार होता है। जब जब बीकानेर वासियों ने मुझे याद किया तब तब मैं उनके बीच पहूंचा हूं, और आगे भी बीकानेर वासियों के आह्वान पर मैं सदैव उनके साथ खड़ा मिलूंगा।



### ये गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद

विधि व्याख्याता डॉ. बालमुकुंद व्यास, व्याख्याता डॉ.सीमा पुरोहित, एटीओ किशन व्यास, सहकारी इंस्पेक्टर उमाकांत व्यास, डॉ. अभिषेक व्यास, तिरंदाजी प्रशिक्षक मारकण्डेय पुरोहित, विधि अधिकारी सुरेश बिस्सा, विनय एक्सप्रेस न्युज पोर्टल के संपादक विनय थानवी, लेखक संजय श्रीमाली, समाज सेवी अनिरूद्ध आचार्य, पंडित आशीष जोशी, प्रहलाद आचार्य, शरद पुरोहित, जेईएन मुकेश थानवी, योगेश व्यास, नितेश आचार्य, आईटी विशेषज्ञ दीपक आचार्य, नवीन व्यास, एनएसयूआई लीडर गजेन्द्र आचार्य, चेतन बोथरा, हिमांशु श्रीमाली, पत्रकार शैलेष आचार्य, सरजित सिंह, अनिकेत पुरोहित महिलाओं में श्रीमती शारदा व्यास, सावित्री पुरोहित, निकीता व्यास, विप्र सेना से राजन आचार्य, तरूण आचार्य, अध्यापक पंकज बोहरा, सहित सैकड़ों की तादाद मे युवा शक्ति मौजूद रही।

# पटवारी और तहसीलदार सेवा के कार्मिक रहे अवकाश पर

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजस्थान राजस्व सेवा परिषद एवं राजस्थान कानूनगो संघ, राजस्थान पटवार संघ की ओर से शुक्रवार को सभी कार्मिकों ने अपनी मांगों को लागू करवाने के लिए दूसरे दिन सामूहिक अवकाश लिया। जिले के उपखंड मुख्यालय पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारियों ने धरना प्रदर्शन कर सीएमआर में 4 अक्टूबर 2021को हुए समझौते व 7 सूत्री मांगे को लेकर संघ लगातार आंदोलनरत है। इसी क्रम में समझौते की क्रियान्वित को लागू करवाने के लिए 24 अप्रैल से महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवों एवं शहरों के संघ अभियान का बहिष्कार किया जायेगा। राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद के मो. इम्तियाज एवं शिव प्रसाद गौड़ ने बताया है कि पटवारी, गिरदावर, नायब तहसीलदार, तहसीलदार अवकाश पर रहे और उपखंड अधिकारी कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन कर सरकार से अपनी मांगे पूरी करने की मांग की। गौड ने बताया कि राजस्थान राज्य सेवा परिषद व राज्य सरकार में हुए समझौते के बावजूद भी लंबे समय से परिषद की 7 सूत्री मांगे लंबित चल रही है। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार का पद शत प्रतिशत पदोन्नति पर घोषित करने, तहसीलदार सेवा के पद 50 प्रतिशत पदोन्नति से व 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से भरने, सीधी भर्ती के आर. टी. एस को तहसीलदार पद पर संस्थित करना, पटवारी ,भू अभिलेख निरीक्षक,नायब तहसीलदार व तहसीलदार को कैडर पुनः गठित किया जाकर आवश्यकता अनुसार नवीन पद सृजित किया जाना,आर. ए. एस कैडर का रिव्यू करवाए जाने तथा तहसीलदार से आर. ए. एस के जूनियर स्केल में रिक्त पदों को पदोन्नति/ तदतर्थ पदोन्नति से भरे जाने की मांग की है। इसके अलावा पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक के लिए स्थाई स्पष्ट स्थानांतरण नीति बनाने, पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, नायब तहसीलदार व तहसीलदार के वेतनमान का पुनः निर्धारण, पटवारी पद को तकनीकी पद घौषित करते हुए पटवारी पद का वेतनमान एल 8 (ग्रेड पे 2800) निर्धारित किया जाने सहित 7 सूत्री मांग के हुए समझौते को लागू करवाए जाने की मांग की जा रही है। इस अवसर पर तहसीलदार राजकुमारी, राजस्थान कानूनगो संघ के जिलाध्यक्ष सतवीर सिंह,राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष राकेश डूडी, कैलाश दान,रामदेव सारस्वत,श्याम सुथार,मनोज पुरोहित,शाकिर अली,अनवर अली,हरी नारायण सिंह,सवाई दान,दीपक भियानी,प्रभुदयाल,सरोज बिश्नोई,सत्यनारायण सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे ।

# जरूर पढ़े: अनुरक्षण कार्य के कारण रेल सेवाएं प्रभावित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** अहमदाबाद मंडल के साबरमती ब्रॉड गेज स्टेशन पर अनुरक्षण कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्नलिखित रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी 1. गाड़ी संख्या 19032 योग नगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद रेल सेवा जो दिनांक 21.04.23 को योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 2. गाड़ी संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती बीजी रेल सेवा जो दिनांक 21.04.23 को दौलतपुर चौक से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती होकर संचालित होगी। 3. गाड़ी संख्या 19224 जम्मू तवी-अहमदाबाद रेल सेवा जो दिनांक 21.04.23 को योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 4. गाड़ी संख्या 16507 जोधपुर -बेंगलुरु रेल सेवा जो दिनांक 22.04.23 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 5. गाड़ी संख्या 19224 जम्मू तवी-अहमदाबाद रेल सेवा जो दिनांक 22.04.23 को योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 6. गाड़ी संख्या 4807 भगत की कोठी-दादर रेल सेवा जो दिनांक 23.04.23 को भगत की कोठी से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 7. गाड़ी संख्या 16209 अजमेर-मैसूर रेल सेवा जो दिनांक 23.04.23 को अजमेर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 8. गाड़ी संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती बीजी रेल सेवा जो दिनांक 22.04.23 को दौलतपुर चौक से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती-क्रअहमदाबाद होकर संचालित होगी। 9. गाड़ी संख्या 19032 योग नगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद रेल सेवा जो दिनांक 22.04.23 को योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग खोडियार-साबरमती- अहमदाबाद होकर संचालित होगी। 10. गाड़ी संख्या 14821 जोधपुर-साबरमती बीजी दिनांक 23.04.23 को रद्द रहेगी। 11. गाड़ी संख्या 14822 साबरमती बीजी-जोधपुर दिनांक 24.04.23 को रद्द रहेगी।

# हड्डी एवं जोड़ रोग जांच निशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर 23 को

**सीकर (विनोद धायल)।** सीकर शहर के बजाज रोड स्थित बिंदल हॉस्पिटल में सवाई मानसिंह अस्पताल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर ओम सिंह मील व डॉ मनोज लांबा अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे हॉस्पिटल के निर्देशक नटवर बिंदल ने बताया आगामी 23 अप्रैल को सुबह 9:00 से 12:00 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें घुटनों का दर्द, कूल्हे का दर्द, कंधा जाम होना, एडी दर्द, जोड़ प्रत्यारोपण, फैक्चर, गठिया, कमर दर्द, गर्दन दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव, शरीर में सूनापन, झुनझुनाहट, टेनिस एल्बो, नसों का दबाव, ,स्प्रेन आदि बीमारियों की जांच कर उपचार किया जाएगा।

# राज मत्स्य योजना पोर्टल का लोकार्पण – अब राज्य में मत्स्य विभाग से सम्बंधित योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया होगी पूर्णत: ऑनलाइन – राज्य में मत्स्य विकास के लिए करेंगे हर संभव प्रयास –मत्स्य पालन मंत्री

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्री लालचंद कटारिया ने कहा कि राज्य में मत्स्य विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। नतीजन आज राज्य में युवा वर्ग भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में रुचि दिखा रहा है, साथ ही राज्य में मत्स्य विकास के साथ रोजगार के संसाधनों में भी वृद्धि हो रही है। श्री कटारिया शुक्रवार को कृषि पंत भवन में राज मत्स्य योजना पोर्टल के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान श्री कटारिया ने राज मत्स्य योजना पोर्टल का ऑनलाइन लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसान घर बैठे विभागीय योजनाओं के लिए स्वयं के एसएसओ आईडी अथवा ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, साथ ही आवेदन प्रगति के बारे में भी पोर्टल के माध्यम से जानकारी ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदन विभाग में प्राप्त होने से लेकर अनुदान स्वीकृति तक प्रत्येक चरण की सूचना किसान को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। मछली पालन हेतु निजी जमीन पर तालाब का निर्माण, मछली पालन पर प्रथम वर्ष में होने वाले उपादान पर खर्च, खारे पानी में झींगा पालन हेतु तालाब का निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी की स्थापना, मछली पकड़ने के शिल्प एवं साजो-सामान/नाव के क्रय हेतु, रिसकुर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, फिश फीड इकाई की स्थापना, केज कल्चर हेतु अनुदान योजना, आईस प्लान्ट/कोल्डस्टोरेज की निर्माण योजना, आईस प्लान्ट/कोल्ड स्टोरेज के पुनरूद्धार हेतु योजना, खुदरा मछली बाजार एवं संसाधनों के विकास हेतु योजना, मोबाईल/खुदरा रंगीन मछली विक्रय केन्द्र कियोस्क की स्थापना हेतु योजना, प्रशीतित ट्रक के क्रय हेतु योजना, इन्स्यूलेटेड ट्रक के क्रय हेतु योजना, मोटर साईकिल आइस बॉक्स सहित क्रय हेतु, साईकल आइस बॉक्स योजना, सेविंग कम रिलीफ योजना, मछुआरों का सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना आदि विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर मत्स्य विभाग के निदेशक श्री मेघराज सिंह रतनू, विशिष्ठ सहायक श्री विभु कौशिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की पहल पर 24 से पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे महंगाई राहत कैम्प विभिन्न राहत योजनाओं को मिलेगा पात्र लोगों को लाभ

**जयपुर।** प्रदेश की जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत नेजनता से सीधे जुडे सभी विभागों के उच्च अधिकारियों को तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में संपन्न जिला कलेक्टर, एसपी कांफ्रेंस में श्री गहलोत ने 24 अप्रेल से प्रदेशभर में आयोजित होने वाले महंगाई राहत कैम्पों को लेकर अधिकारियों को पूरी गंभीरता बरतने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने बचत, बढत, राहत वाले बजट में आमजन आमजन को राहत देने के उद्देश्य से बहुत से योजनाओं की घोषणा की है जिनका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा, लेकिन जागरूकता के अभाव में इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंच ही नहीं पाता। इसके लिए मुख्यमंत्री ने महंगाई राहत कैम्पों की घोषणा कर दस बडी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य है कि श्री गहलोत ने जिन योजनाओं और कार्यक्रमों की बजट में घोषणाएं की है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक- स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2022

# चिकित्सा मंत्री को सौंपा गया, मेडिकल कॉलेजों सहित अन्य निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करें –चिकित्सा मंत्री



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में बन रहे आईपीडी टॉवर तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों में चल रहे मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। मीणा शुक्रवार को शासन सचिवालय में चिकित्सा शिक्षा विभाग की योजनाओं एवम निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत बना रही है। आने वाले समय में राजस्थान ऐसा प्रदेश होगा जहां सभी जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज होंगे। चिकित्सा मंत्री ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं तथा चिकित्सा महाविद्यालयों एवं प्रदेश भर के अस्पतालों में जनरल, ऑक्सीजन व आईसीयू बेड्स बढ़ाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत ने विभाग की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि चिरंजीवी योजना के तहत मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालयों में अब तक 11.66 लाख मरीजों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 19 जिलों में मेडिकल कॉलेज संचालित हैं तथा 12 जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्रक्रियाधीन है। राज्य बजट 2023-24 में राज्य खर्च से जालोर, प्रतापगढ़ एवं राजसमंद जिलों में भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेजों में यूजी की सीटें बढ़कर 3330 एवम पीजी की 1690 सीटें हो गई है। साथ ही नेशनल मेडिकल काउंसिल ने सुपर स्पेशलिटी की सीट 116 से बढ़ाकर 153 सीट करने की स्वीकृति दे दी है। बैठक में बताया गया कि संभागीय मेडिकल कॉलेजों में 7 प्रकार के सुपर स्पेशलिटी विभाग जिनमें मेडिकल ऑन्कोलॉजी, एंडोक्रायोनोलॉजी, जीआई सर्जरी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, ऑन्कोसर्जरी, सीटीवीएस एवम कार्डियोलॉजी स्वीकृत होने से विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं के लिए रोगियों को जयपुर आने से निजात मिलेगी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जडेजा-कोंवे ने दिलाई चेन्नई को सनराइजर्स पर जीत

- कॉनवे ने खेली नाबाद 77 रन की शानदार पारी
- चेन्नई की हैदराबाद पर 15वीं जीत, 7 विकेट से जीता मुकाबला
- जडेजा ने लिए 3 विकेट

भाषा ▶▶ चेन्नई

रविंद्र जडेजा की अगुवाई में अपने स्पिन गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेवोन कोंवे के 57 गेंद में नाबाद 77 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सनराइजर्स हैदराबाद सात विकेट पर 134 रन ही बना सकी। जवाब में चेन्नई ने आठ गेंद बाकी रहते तीन विकेट पर 138 रन बनाये। न्यूजीलैंड के कोंवे 57 गेंद में



12 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं रूतुराज गायकवाड़ ने 30 गेंद में 35 रन बनाये जिसमें दो चौके शामिल थे। कोंवे और गायकवाड़ ने पहले विकेट के लिये 87 रन की साझेदारी की। दोनों ने पावरप्ले में 50 रन जोड़े। इस जीत के साथ चेन्नई छह मैचों में आठ अंक लेकर तीसरे स्थान पर आ गई है। राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के भी छह मैचों में आठ अंक हैं लेकिन बेहतर रनरेट के कारण वे पहले और दूसरे स्थान पर हैं। सनराइजर्स छह मैचों में चार अंक लेकर दस टीमों में नौवें स्थान पर हैं। इससे पहले चेन्नई के गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स को खुलकर खेलने ही नहीं दिया। जडेजा ने 22 रन देकर तीन विकेट लिये। सनराइजर्स के लिये सर्वाधिक 34 रन अभिषेक शर्मा ने बनाये। हैरी ब्रूक (18) और शर्मा ने पहले विकेट के लिये 35 रन जोड़े जबकि शर्मा और राहुल त्रिपाठी (21) ने दूसरे विकेट के लिये 36 रन की साझेदारी की। मध्यक्रम में कोई महत्वपूर्ण साझेदारी नहीं बन सकी और हैदराबाद के बल्लेबाज रनगति बढाने में नाकाम रहे। जडेजा और महीश तीक्षणा ने सनराइजर्स के बल्लेबाजों को बांधे रखा। महेंद्र सिंह धोनी ने सातवें से 15वें ओवर के बीच लगातार स्पिनरों से गेंदबाजी कराई। जडेजा ने शर्मा, त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल (दो) को पवेलियन भेजा। स्पिनरों का इतना दबदबा था कि 10.3 ओवर के बाद सनराइजर्स के बल्लेबाज अगले छह ओवर तक कोई चौका नहीं लगा सके। ब्रूक ने तुषार देशपांडे को दो चौके लगाये लेकिन आकाश सिंह की गेंद पर रूतुराज गायकवाड़ को कैच देकर लौटे। तीसरे ओवर में सिंह को पहला छक्का जड़ने वाले शर्मा ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन वह जडेजा का पहला शिकार बने। अजिंक्य रहाणे ने डीप में उनका अच्छा कैच लपका।

## लखनऊ की नजरें शीर्ष स्थान पर, गुजरात देगा कड़ी चुनौती

**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शनिवार को यहां जब लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछले मैच में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने की होगी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपरजायंट्स अपने घरेलू मैदान में जीत की लय को बनाए रख कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज होना चाहेगा। गुजरात की टीम पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी, वहीं लोकेश राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम ने इसी टीम के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली 10 रन की जीत दर्ज की थी। आईपीएल की इन दोनों नयी टीमों ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन मौजूदा सत्र में इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। दोनों टीमों को अब तक दो-दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

## पंजाब के खिलाफ मुंबई जीत का दावेदार

**मुंबई।** अमूमन धीमी शुरुआत करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने जीत की लय हासिल कर ली है और वह पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। मुंबई में पहले दोनों मैच गंवाकर लचर शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया तथा अभी वह अंक तालिका में छठे स्थान पर है। दूसरी तरफ पंजाब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसे नियमित कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है जो चोटिल होने के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनका मुंबई के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मैच में भी खेलना संदिग्ध है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| बेंगलोर | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 6 | 3 | 3 | 6 |
| कोलकाता | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 1 | 5 | 2 |



ऑरेंज कैप — डु प्लेसिस 343 रन
पर्पल कैप — मो. सिराज 12 विकेट

### खबर संक्षेप



#### साथियन और रीथ बने टेबल टेनिस चैंपियन

**नई दिल्ली।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन जी साथियान और टी रीथ रिश्या ने शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पीएसपीबी (पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड) टेबल टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। ओएनजीसी के साथियान ने पुरुषों के फाइनल में अनुभवी अचंता शरत कमल पर 4-1 (11-5, 11-9, 5-11, 11-8, 12-10) से जीत दर्ज की, जबकि आईओसीएल की रीथ ने महिला वर्ग के रोमांचक खिताबी मुकाबले में यशस्वनी घोरपड़े (ओआईएल) को 4-3 (9-11, 11-4, 7-11, 7-11, 11-9, 11-4, 11-7) से हराया।

#### प्रशंसा से प्रदर्शन में होता है सुधार

**मुंबई।** महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने एथलीटों के बेहतर



प्रदर्शन और उनके कौशल पर कड़ी मेहनत करने में अहम भूमिका के लिए मीडिया की सराहना करते हुए शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि प्रशंसा से खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर होता है। तेंदुलकर ने आगामी 24 अप्रैल को अपना 50वां जन्मदिन मनाने से पहले यहां एकत्र हुए खेल पत्रकारों से कहा, 'मुझे हमेशा लगता है कि प्रशंसा से प्रदर्शन बेहतर होता है।

#### मशेदपुर को हरा बेंगलुरू सुपर कप फाइनल में

**कोझिकोड।** जयेश राणे और सुनील छेत्री के गोलों के दम पर बेंगलुरू एफसी ने जमशेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही साइमन ग्रेसन की टीम इस सत्र में तीसरे फाइनल में पहुंच गई। इससे पहले उसने डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका सामना ओडिशा एफसी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## तीरंदाजी

# वर्ल्ड कप : कंपाउंड मिश्रित टीम खिताब से एक जीत दूर

*ज्योति-ओजस ने सालेह-माजुकी को 157-154 से हराया*

एजेंसी ▶▶ अंताल्या

ज्योति सुरेखा वेनम और पदार्पण कर रहे ओजस देवताले की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में तीन आसान जीत के साथ कंपाउंड वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की। इस जोड़ी के फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारत के लिए दूसरा पदक पक्का हो गया। स्वर्ण पदक के लिए भारतीय जोड़ी के सामने 12वीं वरीय चीनी ताइपे की जोड़ी की चुनौती होगी।

ज्योति और ओजस की जोड़ी ने मलेशिया के फतिन नूरफतेह मेत सालेह और मोहम्मद जुवैदी माजुकी की जोड़ी को 157-154 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। अतनु दास, बी धीरज और तरुणदीप राय की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम भी फाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय तिकड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के लिए चीन के खिलाड़ियों से भिड़ेगी। विश्व चैम्पियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता ज्योति महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। देश को उनसे तीसरे पदक की उम्मीद है।



### रिकर्व टीम की कल चीन से होगी खिताबी टक्कर

भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीम ने नौ वर्ष में पहली बार विश्वकप चरण-1 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना चीन से रविवार होगा। भारतीय तीरंदाजों ने लगातार तीन जीत हासिल की। अतनु दास, बी धीरज और तरुणदीप राय के पास फाइनल में जीत दर्ज कर भारत को 13 साल बाद स्वर्ण पदक दिलाने का मौका रहेगा। भारत ने रिकर्व तीरंदाजी में विश्वकप में अपना पिछला स्वर्ण 2010 में शंघाई में जीता था। पिछली बार रिकर्व टीम 2014 में



मेडेलिन में स्टेज-2 में फाइनल में पहुंची थी लेकिन कोरिया से टाईब्रेकर में हार के बाद रजत मिला था। जब शंघाई में स्वर्ण जीता था तब सेना के तरुणदीप उस टीम का हिस्सा भी रहे हैं।

### कंपाउंड टीम का प्रदर्शन

मिश्रित युगल में ज्योति और उनके 20 वर्षीय जोड़ीदार को क्वालीफाइंग में दूसरे स्थान पर रहने के कारण दूसरे दौर में बाई मिली। उन्होंने इसके बाद लक्समबर्ग और फ्रांस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो मैचों में जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने इन दोनों मैचों में सिर्फ एक अंक गंवाया। ज्योति और ओजस 16 निशाने में से सिर्फ एक बार 10 अंक वाले निशाने से चूके। उन्होंने प्री-क्वार्टर और क्वार्टर दोनों में संभावित 160 में से 159 अंक हासिल किए। लक्समबर्ग ने 157 अंक बनाए, जबकि फ्रांस 156 अंक बनाने में सफल रहा।

### अंतिम चार का रोमांच

*सेमीफाइनल में शुरुआती दो दौर में भारतीय और मलेशियाई टीम क्रमशः 39 और 40 अंक के साथ बराबरी पर थी। तीसरे दौर में भारतीय जोड़ी ने मेत सालेह और जुवैदी माजुकी के 37 के मुकाबले 39 अंक बना कर बढ़त कायम की। ज्योति और ओजस ने इसके बाद चौथे दौर में भी 39 का स्कोर बना मुकाबला अपने नाम कर लिया।*

### रिकर्व टीम ने किया निराश

*रिकर्व में भारतीय जोड़ी ने निराश किया। अतनु दास और पदार्पण कर रही भजन कौर की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी 2-0 की बढ़त को बरकरार रखने में विफल रही और निचली वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जोड़ी से 3-5 (37-36, 34-35, 35-35, 34-36) हार गई।*

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्कारेज और सिटसिपास

बार्सिलोना ओपन



एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने हमवतन स्पेनिश खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-3, 7-5 से हराकर बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टेफानोस सिटसिपास भी डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे लेकिन कैस्पर रूड 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरंडोलो से 7-6 (5), 6-3 से हार गए।

अल्कारेज का अगला मुकाबला स्पेन के ही 10वीं वरीयता प्राप्त अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना होगा, जिन्होंने एमिल रूसुवुओरी को 6-4, 7-5 से हराया। अल्कराज ने स्पेन के खिलाड़ियों के खिलाफ अभी तक जो 10 मैच खेले हैं उनमें से नौ मैचों में उन्हें जीत मिली। इस बीच उन्हें एकमात्र हार पिछले साल इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में राफेल नडाल से मिली थी। सिटसिपास का अगला मुकाबला एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्हें ग्रिगोर दिमित्रोव ने वॉकओवर दिया।

सेरंडोलो का सामना 12वीं वरीयता प्राप्त डेनियल इवांस से होगा, जिन्होंने करेन खाचानोव को 6-3, 6-4 से हराया। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने योशीहितो निशिओका को 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर इस सत्र में सातवीं बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिनर का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने कैमरन नॉरी को 3-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया।

# श्रीशंकर, प्रियंका और संदीप के विदेश में अभ्यास को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर के इस साल होने वाले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए यूनान में एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीशंकर 32 दिनों तक यूनान में अभ्यास करेंगे और इस दौरान उनके कोच शिवाशंकरन मुरली भी उनके साथ रहेंगे। उनके इस अभ्यास की लागत लक्ष्य ओलंपिक पोडियम





(टॉप्स) के तहत वहन की जाएगी।

श्रीशंकर के अलावा मिशन ओलंपिक सेल ने अपनी 95वीं बैठक में पैदल चाल के एथलीट प्रियंका गोस्वामी और संदीप कुमार के ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में 16 दिन तक अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ये दोनों एथलीट 15 मई को अपने कोच गुरमीत सिंह के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना हो सकते हैं। एथलेटिक्स के अलावा एमओसी ने जुडोका लिनथोई चनमबम के जॉर्जिया और पोलैंड में अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

## अतिरिक्त तेजी से निपटना नहीं सिखाया जा सकता

*नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने अपनी टीम के युवा भारतीय बल्लेबाजों से कहा कि उन्हें अतिरिक्त तेजी से निपटने का तरीका खुद ही ढूंढना होगा क्योंकि यह ऐसा कौशल है जिसे सिखाया नहीं जा सकता। वॉर्नर की टीम ने गुरुवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। पृथ्वी (छह मैचों में 47), सरफराज खान (दो मैचों में 34), यश ढुल (दो मैचों में तीन), अमन खान (चार मैचों में 30) और अभिषेक पोरेल (चार मैचों में 33) में से कोई भी अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाया है। वॉर्नर से जब पूछा गया कि क्या इस बारे में उनके भारत के युवा बल्लेबाजों से बात हुई, उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमारी इस विषय पर बहुत अधिक चर्चा नहीं होती क्योंकि आपको अपने कौशल पर भरोसा होना चाहिए और मैं लोगों को यह नहीं बता सकता कि कैसे बल्लेबाजी करनी है।*

# इगा स्वियाटेक क्वार्टर फाइनल में, गॉफ पोर्श ग्रां प्री से बाहर



एजेंसी ▶▶ स्टुटगार्ट

शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी वाली इगा स्वियाटेक ने पसली की चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करके झेंग किनवेन को 6-1, 6-4 से हराकर पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन कोको गॉफ आगे बढ़ने में नाकाम रही।

स्वियाटेक ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कोई मैच नहीं खेला था। उन्हें यहां पहले दौर में बाई मिली थी। उनका अगला मुकाबला कारोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की डोना वेकिच को 6-2, 6-7 (5), 7-6 (5) से हराया। अनास्तासिया पोटापोवा ने छठी रैंकिंग की खिलाड़ी गॉफ को 6-2, 6-3 से उलटफेर का शिकार बनाया। पोटापोवा का सामना अब चौथी वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया से होगा, जिन्होंने तात्जाना मारिया को 7-6 (5), 6-4 से पराजित किया। पाउला बडोसा ने अपने दूसरे दौर के मैच में हमवतन स्पेनिश खिलाड़ी क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा।

## सेविला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-0 से हराया

# यूरोपा लीग के अंतिम-4 में पहुंचा सेविला

एजेंसी ▶▶ लंदन

छह बार के चैंपियन सेविला ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इससे पहले बार्सिलोना और रियल बेटिस जैसी टीमों को हराया था लेकिन वह सेविला के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया।

फॉरवर्ड युसूफ इन नासेरी ने दो गोल किए जिससे सेविला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 5-2 के कुल योग से पराजित करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला गया पहले चरण का मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था। सेविला सेमीफाइनल में युवेंटस से भिड़ेगा जिसने स्पोर्टिंग लिस्बन के साथ दूसरे चरण का क्वार्टर फाइनल मैच 1-1 से ड्रॉ कराकर 2-1 के कुल अंतर से जीत दर्ज की। युवेंटस ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 1-0 से जीता था।



### रोमा ने फेनूर्ड को हराया

एक अन्य क्वार्टर फाइनल में इटली के क्लब रोमा ने नीदरलैंड के फेनूर्ड को बाहर कर दिया। पहले लेग में फेनूर्ड ने 1-0 से जीत हासिल की थी। दूसरे लेग का मुकाबला रोमा के होमग्राउंड पर खेला गया। अपने प्रशंसकों के बीच रोमा ने जबरदस्त खेल दिखाया। रोमा ने 4-1 से मैच को जीत लिया। उसके लिए लियानार्डो स्पिनजोला ने 60वें मिनट, पाउलो डाइबाला ने 89वें मिनट, स्टीफन एल शरावे ने एक्स्ट्रा टाइम (101वें मिनट) और लोरेंजो पेलिग्रिनी ने एक्स्ट्रा टाइम (109वें मिनट) में गोल किया। फेनूर्ड के लिए इकलौता गोल इगोल पाइक्साओ ने 80वें मिनट में गोल किया। दोनों लेग को मिलाकर रोमा ने 4-2 से मैच को अपने नाम किया। रोमा का मुकाबला सेमीफाइनल में जर्मनी के क्लब लेवरकुसेन से होगा।



"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
॥ सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ॥
गरीबों का सितारा — निष्पक्ष कलम / निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

अपनाएं इलेक्ट्रोपैथी...

# "इलेक्ट्रोपैथी" ऐसी पद्धति है जो बिना ऑपरेशन घुटनों का करती है इलाज

## इलेक्ट्रोपैथी पद्धति रोगियों के लिए है वरदान : डॉ. जटिया

**महावीर इलेक्ट्रोपैथी क्लीनिक के डॉ. अनुराग जटिया से संवाददाता की मुलाकात**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर।** वैसे देखा जाए तो वर्तमान युग में अनेक प्रकार की बीमारियों से मानव दिन प्रतिदिन गिरा हुआ देखा जा रहा है, साथ ही उन बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए अनेक प्रकार की चिकित्सा पद्धति का भी प्रयोग करता रहता है लेकिन वर्तमान में एक ऐसी पद्धति भी विकसित हुई है जो असाध्य रोगों के निवारण में इन दिनों काफी चर्चित हो रही है।

### इलेक्ट्रोपैथी हुई जीवनदान साबित

महावीर इलेक्ट्रोपैथी क्लीनिक के डॉ. अनुराग जटिया बताया कि वर्तमान में इलेक्ट्रोपैथी पद्धति एक ऐसी पद्धति है जो गंभीर से गंभीर असाध्य बीमारियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है इस पद्धति में पेड़-पौधों के अर्क का उपयोग होता है इस पद्धति में हर तरह की बीमारियों का इलाज हर्बल से होता है, जटिया का कहना है कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति वरदान साबित हुई है। घुटने के जोड़ों की तकलीफ से जूझ रहे अनेक व्यक्तियों ने ब्यावर ही नहीं बल्कि जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई तक के चिकित्सालयो में इलाज करवाया जहां उन्हें घुटनों के ऑपरेशन कर जोड़ बदलवाने की सलाह दी गई। लेकिन जब ब्यावर स्थित इलेक्ट्रोपैथी के विशेषज्ञ डॉ. अनुराग जटिया को दिखाया जहां डॉ. अनुराग जटिया एने बिना ऑपरेशन सिर्फ दवाओं से ही पूरी तरह ठीक कर दिया। साथ ही श्री जटिया का यह भी कहना है कि उनके पास ऐसे भी रोगी आए थे जो ठीक से दो कदम चल नहीं पा रहे थे ना उठ बैठ पा रहे थे वही रोगी आज संपूर्ण इलाज लेने के बाद बिना किसी दर्द के आसानी से चल फिर रहे हैं, उठ बैठ रहे हैं एवं दौड़ रहे हैं।

### प्रदेश के बाहर भी हुई इलेक्ट्रोपैथी पद्धति कारगर सिद्ध

अब तक डॉ. अनुराग जटिया के पास मुंबई से सुमित कुमार, अहमदाबाद से रोहित अजमेरा, जयपुर से सुमन, प्रतापगढ़ से राकेश सिंघल, उदयपुर से राम सिंह, गंगानगर से रश्मि दाधीच, जोधपुर से अंकित तेतरवाल इत्यादि सैकड़ों रोगियों को जो कि सर्वाइकल, सायटिका, ओस्टियोआर्थराइटिस, ओस्टियोपोरोसिस, गठिया रोग वह शरीर के सभी जोड़ों की समस्या को बिना ऑपरेशन व दर्द के मात्र अपनी दवाइयों के ईलाज से ही पूर्णतः रोग मुक्त कर चुके है।

# फौजी साहब ने अपनी दोहितियों की निकली बिंदोरी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़ (विनोद धायल)।** ममता और सुरेश के माता पिता बचपन मे ही उन्हें छोडकर इस दुनिया से हमेशा हमेशा के लिये चले गये थे ' इनके पिताजी कि मृत्यु ब्रेन हेमरेज से और उनकी मां की मृत्यु पिता की मृत्यु के 6 महीने बाद हार्ट अटैक से हो गई थी। जिसके बाद नाना रामलाल फौजी ने उनका पालन पोषण किया और शिक्षा दिलाई। नाना ने गुरुवार को अपनी दोहितियो कि बिंदोरी घासलो की ढाणी से बाज्यावास गांव से होते हुए घोडी पर बैठाकर बड़ी धूमधाम से निकली '

# भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ की बूथ सम्पर्क यात्रा लिखमा का बास पहुंची



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ, (विनोद धायल)।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ सीकर के तत्वाधान में आयोजित हुई बूथ सम्पर्क यात्रा के अन्तर्गत लिखमा का बास शक्ति केन्द्र के बूथ-संख्या-162, 163, 165, 166, 179 पर बूथ अध्यक्षों का व वरिष्ठजनों का सम्मान किया। इस दौरान मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष मदन लाल मुवाल, मक्खन लाल कुमावत, सुभाष रणवा, बनवारी लाल चायल, सोहन लाल, हरीकिशन मेघवाल, बनवारी जाखड, श्रवण बिजारनिया, हीरा लाल डेबाणा एसी मोर्चा ज़िला महामंत्री सीकर बाबुलाल हल्दुनिया, हनुमान गौरा, भानु मावलिया सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता।























स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com